देश का Darpan News TV
Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करें

दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित

अब आपके मोबाइल पर डिजिटल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web : www.deshkadarpannews.co

वर्ष-5, अंक:165 | जयपुर, बुधवार, 27 अगस्त 2025 | मूल्य : 5.00 पेज:

## मिग-21 ने रिटायर होने से पहले भरी आखिरी उड़ान, वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने अंतिम बार उड़ाकर दी सलामी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना का सबसे पुराना और भरोसेमंद लड़ाकू विमान मिग-21 अगले महीने 62 साल की सेवा के बाद रिटायर हो जाएगा। इसकी विदाई से पहले पिछले हफ्ते वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने राजस्थान के नाल एयरफील्ड से आखिरी बार इस लड़ाकू विमान से उड़ान भरी। अगले माह 26 सितंबर को चंडीगढ़ में होने वाले औपचारिक समारोह में मिग-21 को आधिकारिक विदाई दी जाएगी। बता दें कि रूस में निर्मित मिग-21 वर्ष 1963 में वायुसेना में शामिल हुआ था और छह दशक से ज्यादा समय तक सेवा में रहा। इसे दुनिया के सबसे ज्यादा बनाए गए सुपरसोनिक लड़ाकू विमानों में गिना जाता है।

**वायुसेना प्रमुख ने दी अंतिम सलामी**

वायुसेना प्रमुख एपी सिंह ने खुद 18-19 अगस्त को मिग-21 उड़ाकर इसे अंतिम सलामी दी। उन्होंने कहा कि मिग-21 हमेशा हमारी वायुसेना का वर्कहॉर्स रहा है। 1985 में मैंने पहली बार इसे उड़ाया था। यह सरल डिजाइन वाला बेहद तेज और फुर्तीला विमान था। इसे हमेशा याद किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि यह विमान इंटरसेप्टर रोल में शानदार साबित हुआ, लेकिन अब तकनीक पुरानी हो चुकी है और रखरखाव मुश्किल है। नए लड़ाकू विमान जैसे तेजस,



राफेल और सुखोई-30 अब इसकी जगह ले रहे हैं। तेजस को खास तौर पर मिग-21 के विकल्प के रूप में डिजाइन किया गया है और यह आगे वायुसेना की अहम ताकत बनेगा।

**मिग-21 के सामने पाकिस्तान ने टेके घुटने**

वायुसेना प्रवक्ता विंग कमांडर जयदीप सिंह ने मिग-21 की ऐतिहासिक उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा, इसने 1965 और 1971 के युद्धों में अहम भूमिका निभाई। 1971 में ढाका स्थित गवर्नर हाउस पर हमला कर इसने पाकिस्तान को झुकने पर मजबूर कर दिया था। 1999 के कारगिल युद्ध में और 2019 में पाकिस्तानी एफ-16 को मार गिराकर इस विमान ने अपना लोहा मनवाया। अभी वायुसेना के पास मिग-21 की दो स्क्वाड्रन हैं, जिन्हें अगले महीने हटा दिया जाएगा। विदाई समारोह सिर्फ एक विमान का नहीं, बल्कि भारत की सैन्य शक्ति के गौरवशाली अध्याय का समापन होगा।

## बड़ी राहत-जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात बहाल, जांच के बाद हाईवे अथॉरिटी ने दूसरे पुल पर वाहनों को चलने की अनुमति दी

**एजेंसी**

**कठुआ।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने वाहन चालकों को बहुत बड़ी राहत दी है। जिसमें जम्मू-पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सहार खड्ड पर क्षतिग्रस्त हुए एक पुल के साथ दूसरे पुल की जांच करने के बाद हाईवे अथॉरिटी ने वाहनों को चलने की अनुमति दे दी है। वाहन चालकों ने राहत की सांस ली हैं जोकि पिछले 24 घंटे से फंसे हुए थे। करीब चार बजे से



जम्मू पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर फिर से आवाजाही शुरू हो गई है। बीते रविवार को हुई भारी बारिश के चलते जम्मू पठानकोट राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित सहार खड्ड पर बना एक पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था जबकि साथ लगते दूसरे पुल को भी क्षति पहुंचने की आशंका जताई जा रही थी। जिसके बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा दोनों पुलों को बंद कर दिया था। और जम्मू कश्मीर का अन्य राज्यों से सड़क संपर्क कट गया था। जिससे पिछले 24 घंटे से जम्मू कश्मीर को पंजाब से जोड़ने वाले एकमात्र मुख्य नेशनल हाईवे पर सभी प्रकार के वाहनों के पहिये पूरी तरह से थम गए थे। हालांकि कठुआ जिला प्रशासन ने हल्के यातायात वो भी स्थानीय वैकल्पिक मार्ग की जानकारी रखने वालों को कालीबड़ी से वाया नगरी से पल्ली मोड़ डायवर्ट किया था, जिससे हाईवे पर पिछले कल से भारी वाहन रुके हुए थे। जिससे जम्मू कश्मीर की लाइफलाइन हाईवे पूरी तरह से ठप पड़ी थी। जिसके बाद जलस्तर कम होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के इंजीनियर पहुंचे और पुल की जांच करने के बाद एक पुल से दोतरफा आवाजाही शुरू कर दी गई। फिलहाल वाहन चालकों को बहुत बड़ी राहत मिली है जो पिछले 24 घंटे से, खासकर ट्रक चालक जो पिछले 24 घंटे से खड़े थे और परेशान हो रहे थे।

## छत्तीसगढ़ के शिक्षक डॉ. प्रज्ञा सिंह और संतोष कुमार चौरसिया का राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए चयन

**रायपुर।** पांच सितम्बर को आयोजित होने वाले राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार 2025 के लिए छत्तीसगढ़ के दो शिक्षकों का चयन हुआ है। इनमें से दुर्ग जिले की हनोदा स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में पदस्थ डॉ. प्रज्ञा सिंह का चौथे एवं कोरबा जिले के सलोरा स्थित पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में पदस्थ संतोष कुमार चौरसिया का तीसरे प्रयास में चयन हुआ है। डॉ. प्रज्ञा सिंह को जहां गणित में तो वहीं संतोष चौरसिया को विज्ञान में नवाचार के लिए राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। इन शिक्षकों को आगामी पांच सितंबर को शिक्षक दिवस के अवसर पर नई दिल्ली के विज्ञान भवन में सम्मानित किया जाएगा। नई दिल्ली



के विज्ञान भवन में इन्हें 50 हजार रुपये नकद के साथ रजत पदक प्रदान किया जाएगा। पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. प्रज्ञा सिंह ने बताया कि कि राष्ट्रपति शिक्षक पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन दिया था, जिसमें उन्होंने अपने नवाचार की जानकारी दी थी। जिले के बाद राज्य स्तर पर चयन के बाद नेशनल ज्यूरी के सामने दिल्ली में 08 अगस्त को साक्षात्कार हुआ था। जिसके बाद उनका राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। प्रज्ञा ने बताया कि उन्होंने अपने स्कूल में मैथ्स क्लब बनाया है, जिसमें विषय से संबंधित जानकारियों, समस्याओं एवं उनके समाधान की चर्चा की जाती है। डॉ. प्रज्ञा ने बताया कि उन्होंने स्वयं के व्यय से स्कूल में मैथ्स क्लब के लिए 500 मॉडल और शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण किया है।इसके साथ स्कूल के इंफ्रास्ट्रक्चर में काम किया है। 23 बच्चों को एनएनएससी में, दो प्रयास और दो श्रेष्ठा के लिए चयन हुआ है।

## 14 राज्यों में नदी-नाले उफान पर

### ▶▶ भूस्खलन ने भी बढ़ाई मुश्किल; अगले पांच से सात दिन भारी बारिश की आशंका

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देश के कम से कम 14 राज्यों में पिछले 24 घंटों के दौरान भारी बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। हिमाचल प्रदेश, राजस्थान और जम्मू-कश्मीर में हालात गंभीर हैं। नदियां-नाले उफान पर हैं। सड़कें टूटने और भूस्खलन के कारण आवाजाही बाधित हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान में अभी एक हफ्ते बारिश जारी रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में मंगलवार से मानसून की सक्रियता में कमी आ सकती है, पर मध्य प्रदेश, गुजरात, बिहार, असम, ओडिशा में पांच से सात दिनों तक भारी बारिश हो सकती है। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मंगलवार को भी भारी बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। अन्य जिलों में भी बिजली चमकने और गर्जन के साथ तेज दौर की



बारिश की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें 29 अगस्त तक प्रदेश में मौसम की यही स्थिति रहने के आसार हैं। उत्तर प्रदेश में बीते कई दिनों से मानसून की सक्रियता बनी रही। इसके असर से प्रदेश के तराई और दक्षिणी इलाकों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश देखने को मिली। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार से यूपी में बादलों की सक्रियता घटेगी और अगले चार से पांच दिन प्रदेशभर में मानसूनी बारिश धीमी पड़ेगी। वहीं मंगलवार के लिए प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश की कोई चेतावनी नहीं है। प्रदेश के पूर्वी और तराई के लगभग 30 जिलों में कहीं मध्यम तो कहीं भारी बारिश हुई। प्रयागराज, सोनभद्र, मिर्जापुर आदि में अच्छी बरसात दर्ज की गई। मौसम विभाग का कहना है कि बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे एक और वेदर सिस्टम के असर से 31 अगस्त के आसपास यूपी में दोबारा मानसूनी बारिश लौटेगी।

लद्दाख में लगातार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। मौसम विज्ञान केंद्र लेह ने अगले 24 घंटों के लिए भारी से अति भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। मौसम विभाग के अनुसार, वर्तमान में लेह, ज़ांस्कर (पडुम), संकू-परकाचिक सहित कई इलाकों में मध्यम से तेज बारिश हो रही है, जबकि अन्य क्षेत्रों में आसमान बादलों से घिरा है। 26 अगस्त को कई जगहों पर हल्की से मध्यम वर्षा, जबकि कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका। वहीं 27से 30 अगस्त तक मौसम के शुष्क रहने का अनुमान।

## 'उम्मीद है गणेश उत्सव में कोई खलल नहीं पड़ेगा', मराठा आरक्षण पर जरांगे के अल्टीमेटम पर सीएम फडणवीस

**मुंबई।**

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उम्मीद जताई है कि मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे मुंबई में गणेश उत्सव के आयोजन में खलल डालने वाली कोई हरकत नहीं करेंगे। जरांगे ने महाराष्ट्र सरकार को मंगलवार (26 अगस्त) तक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत मराठा समुदाय को 10 प्रतिशत आरक्षण देने या विरोध-प्रदर्शन का सामना करने की चेतावनी दी है। मराठा नेता ने कहा है कि अगर सरकार आरक्षण की मांग नहीं मानती है, तो 27 अगस्त गणेश चतुर्थी को मुंबई तक मार्च शुरू होगा। वह 29



अगस्त को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठेंगे। फडणवीस ने सोमवार शाम संवाददाताओं से कहा, 'जो लोग खुद को मराठा राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के सच्चे अनुयायी कहते हैं, वे हिंदुओं के सबसे बड़े त्योहार गणेश चतुर्थी में खलल डालने वाली कोई हरकत नहीं करेंगे।' मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि सभी को लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करने और अपनी मांगों को उठाने का अधिकार है।

**सरकार ने 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी**

उन्होंने कहा, 'सभी जानते हैं कि हमने मराठा समुदाय की एकता के उत्थान के लिए काम किया है और 10 प्रतिशत कोटा दिया है। हमने समुदाय से 1.5 लाख व्यवसायी बनाए हैं।' राज्य सरकार ने पिछले साल मराठा समुदाय के लिए एक अलग श्रेणी के तहत 10 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा की थी।

## फिजी के प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति मुर्मु से की मुलाकात

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारत दौरे पर आये फिजी के प्रधानमंत्री सिटिवेनी लिगाममादा राबुका ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से राष्ट्रपति भवन में शिष्टाचार भेंट की। राष्ट्रपति मुर्मु ने प्रधानमंत्री राबुका और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए, अगस्त 2024 में अपने फिजी दौरे को स्नेहपूर्वक याद किया। उन्होंने कहा कि उस समय जनजातीय बुजुर्गों द्वारा दिया गया पारंपरिक स्वागत और भारतीय मूल के समुदाय के साथ हुए उनके संवाद अविस्मरणीय रहे। उन्होंने इस समुदाय की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि इससे भारत और फिजी के बीच आपसी समझ और मित्रता गहरी हुई है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत और फिजी के बीच लंबे समय से प्रगाढ़ संबंध हैं, जिनमें गिरमिटिया समुदाय का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इसने फिजी की बहुसांस्कृतिक पहचान, विविध समाज और अर्थव्यवस्था के निर्माण में अहम भूमिका निभाई है।

उन्होंने कहा कि भारत, फिजी की प्राथमिकताओं–स्वास्थ्य, क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और जलवायु लचीलापन–के क्षेत्रों में उसके सामाजिक-आर्थिक विकास में भागीदार होने पर गर्व महसूस करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत प्रशांत



द्वीपीय देशों (पीआईसी) के साथ अपने संबंधों और विकास साझेदारी को मज़बूत करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिनमें फिजी एक विशेष भागीदार बना हुआ है। राष्ट्रपति ने इस अवसर पर आज फिजी में सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल स्थापित करने के लिए हुए समझौता ज्ञापन का स्वागत किया और इसे स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग की दिशा में मील का पत्थर बताया।

उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण भारत-फिजी संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तंभ रहा है और आईटीईसी कार्यक्रमों के माध्यम से फिजी के अधिकारियों को भारतीय संस्थानों में प्रशिक्षण दिया जाता है। राष्ट्रपति ने यह भी उल्लेख किया कि भारत में डिजिटल तकनीकों ने वित्तीय समावेशन में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है और भारत फिजी के साथ यूपीआई, जन-धन और आधार जैसी पहलों का अनुभव साझा करने के लिए तैयार है।

राष्ट्रपति ने प्रसन्नता व्यक्त की कि फिजी सरकार ने भारत के साथ संबंधों को सुदृढ़ करने को प्राथमिकता दी है। दोनों नेताओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री राबुका की यह यात्रा आपसी सहयोग के नए आयाम खोलेगी और दोनों देशों की जनता को लाभान्वित करेगी।

## शहरी क्षेत्रों में मुख्यमंत्री नाश्ता योजना का विस्तार; स्टालिन और मान ने बच्चों के साथ खाया खाना




**चेन्नई ।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राज्य के शहरी क्षेत्रों में डीएमके सरकार की प्रमुख पहल 'मुख्यमंत्री नाश्ता योजना' के विस्तार का उद्घाटन किया। स्टालिन ने अपने पंजाब समकक्ष भगवंत मान के साथ चेन्नई में सेंट जोसेफ प्राइमरी स्कूल में बच्चों को भोजन परोसा और इस योजना का शुभारंभ किया। सीएम मान इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। यह विस्तार योजना के कार्यान्वयन के पांचवें चरण का हिस्सा है, जिससे 2,429 स्कूलों के 3.06 लाख और बच्चों को लाभ मिलेगा। आज नए शुभारंभ के साथ राज्य में कुल 20.59 लाख बच्चे मुख्यमंत्री नाश्ता योजना से लाभान्वित होंगे। सरकारी प्रवक्ता पी. अमुधा ने बताया था कि केंद्रीकृत रसोई में स्वच्छ तरीके से नाश्ता तैयार करने के लिए उचित कदम उठाए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव अमुधा ने कहा, 'तैयार किए गए व्यंजन जैसे पोंगल, खिचड़ी या उपमा, साथ ही दाल और सांभर जैसे साइड डिश वैन की ओर से संबंधित स्कूलों तक पहुंचाए जाएंगे।

## कारनामें करते हैं अखिलेश, सजा भुगतते हैं पीडीए समाज के नेता- ओम प्रकाश राजभर

**एजेंसी**

**लखनऊ।** योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव के रवैये पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव की राजनीति हमेशा से पिछड़ों और दलितों के शोषण पर आधारित रही है। एक ओर वे 'पीडीए-पीडीए' का राग अलापते हैं, वहीं दूसरी ओर उनके कारनामों का खामियाजा पिछड़े और दलित समाज के नेता आज भी भुगत रहे हैं।राजभर ने कहा कि गायत्री प्रजापति और रमाकांत यादव जैसे नेताओं को समाजवादी सरकार के गैरकानूनी कामों की वजह से आज जेल में रहना पड़ रहा है। अखिलेश यादव खुद बच जाते हैं, मगर पिछड़े और दलित समाज के नेता जेल की सलाखों के पीछे धकेल



दिए जाते हैं। यही अखिलेश यादव का असली चेहरा है। कारनामें अखिलेश करते हैं और सजा भुगतते हैं पीडीए समाज के नेता। उन्होंने कहा कि सपा मुखिया का यह इतिहास रहा है कि वे पिछड़े और दलित नेताओं से गैरकानूनी काम कराते हैं और जब मामला गंभीर होता है तो उनसे किनारा कर लेते हैं। यही उनकी 'पीडीए पॉलिटिक्स' की असलियत है। राजभर ने अखिलेश यादव के प्रेस कांफ्रेस के दौरान मंच से कुम्हार समाज का प्रतीक चिन्ह 'कुम्हार का चाक÷ हटाने की घटना को गंभीर बताया। उन्होंने कहा कि यह कदम अखिलेश यादव के मानसिकता को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि कुम्हार का चाक भारतीय संस्कृति, श्रमजीवी समाज और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। उसे मंच से हटाना प्रजापति समाज और मेहनतकश बिरादरी का खुला अपमान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 'वोकल फॉर लोकल' और 'मेक इन इंडिया' जैसे अभियानों से हर कारीगर, हर श्रमजीवी समाज को सम्मान और बराबरी का अधिकार दे रहे हैं।

## अवैध धर्मांतरण के मुख्य आरोपित छांगुर की 13.02 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की कुर्क

**एजेंसी**

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला इलाके से धर्मांतरण के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपित जलालुद्दीन उर्फ छांगुर की 13.02 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है। ईडी ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि ईडी कार्यालय ने उत्तर प्रदेश के बलरामपुर जिले के उतरौला में स्थित 13.02 करोड़ रुपये मूल्य की 13 अचल संपत्तियों को पीएमएलए 2002 के प्रावधानों के तहत अनंतिम रूप से कुर्क किया गया है। जो कि छांगुर और अन्य से संबंधित धन शोधन के मामले में गैरकानूनी धार्मिक रूपांतरण, विदेशी धन के उपयोग और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संभावित खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों से संबंधित साजिश के लिए हैं।उल्लेखनीय है? कि धर्मांतरण कराने के लिए छांगुर को विदेशों से फंडिंग होती है। उसके और उसके करीबियों के 40 खातों में



करोड़ों रुपये विदेशों से आने की साक्ष्य भी मिले थे। इसके बाद ईडी ने अपनी जांच शुरू की थी। के मामले की जांच कर रही टीमों के हाथ कई अहम सुराग लगे थे, जिसमें यह पता चला था कि हिंदू लड़कियों के

## समुद्री सुरक्षा पर मंथन की मेजबानी करेगी नौसेना

### ▶▶ हिंद महासागर के 18 देशों के अधिकारी होंगे शामिल

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना 27 से 28 अगस्त तक 'हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी' (आईओएनएस) के तहत 'इमर्जिंग लीडर्स पैनल डिस्कशन' की मेजबानी करेगी। यह कार्यक्रम नौसेना की कोच्चि स्थित दक्षिणी कमान होगा। रक्षा मंत्रालय ने एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी है। यह दो दिवसीय कार्यक्रम 18 देशों के युवा नौसेना अधिकारियों को आपस में जोड़ने और संवाद स्थापित करने पर केंद्रित होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नौसेना की दक्षिणी




कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ वाइस एडमिरल वी. श्रीनिवास होंगे। नौसेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म' एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि इस कार्यक्रम में सदस्य देशों के नौसेना अधिकारी समुद्री सुरक्षा से जुड़ी चुनौतियों पर चर्चा करेंगे। साथ ही, उभरती हुई तकनीकों पर सहयोग और प्रशिक्षण क्षमताओं के बेहतर इस्तेमाल पर विचार किया जाएगा।

इस कार्यक्रम में 20 से अधिक नौसेनाओं के अधिकारी और कुल 300 से अधिक प्रतिभागी शामिल होंगे। बयान के मुताबिक, यह पैनल चर्चा आईओएनएस ढांचे का एक हिस्सा है, जिसका मकसद सदस्य देशों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है। इसमें नौसेना अधिकारी क्षेत्रीय समुद्री मुद्दों पर अपने विचार साझा करेंगे। परिचर्चा के प्रमुख विषय होंगे- 'हिंद महासागर क्षेत्र का रणनीतिक महत्व और चुनौतियां: युवा अधिकारियों की दृष्टि', 'समुद्री सुरक्षा में उभरती तकनीकें', 'समुद्री सुरक्षा के लिए सहयोग को बढ़ाने में आईओएनएस की भविष्य की भूमिका' और 'आईओएनएस देशों के बीच प्रशिक्षण क्षमताओं का उपयोग: भविष्य की रूपरेखा'। इससे पहले नौसेना ने नई दिल्ली में 24-25 जून को समुद्री सुरक्षा पर आईएनओएस के कार्यकारी समूह की बैठक की मेजबानी की थी। रक्षा मंत्रालय ने यह भी बताया कि आईओएनएस की शुरुआत 2008 में भारतीय नौसेना ने की थी। इसका मकसद हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय देशों की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग को बढ़ाना है। आईओएनएस एक खुला और समावेशी मंच है जहां क्षेत्रीय समुद्री मुद्दों पर चर्चा की जाती है।

## जलवायु कार्रवाई में अग्रणी बनने को तैयार जयपुर: प्रो. चेतन सिंह सोलंकी ला रहे हैं फाइनाइट अर्थ मूवमेंट गुलाबी नगरी में

**जयपुर**

राजसी विरासत, समृद्ध संस्कृति और अनमोल परंपराओं के लिए प्रसिद्ध गुलाबी नगरी जयपुर अब जलवायु सुधार की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल की मेजबानी करने जा रही है। भारत के ह्लसोलर मैनह्व और आईआईटी बॉम्बे के प्रोफेसर चेतन सिंह सोलंकी 26 से 31 अगस्त 2025 तक जयपुर में रहकर फाइनाइट अर्थ मूवमेंट (ऋष्ट) – एक वैश्विक, युवाओं पर केंद्रित




आंदोलन – को आगे बढ़ाएँगे, जो जलवायु सुधार की तात्कालिक आवश्यकता पर जोर देता है प्रो. सोलंकी, जिन्होंने 2020 से 2030 तक की 11 साल की एनर्जी स्वराज यात्रा को समर्पित किया है, एक सौर ऊर्जा से संचालित बस में रहते हैं और पूरे भारत में यात्रा कर विशेषकर युवाओं से जुड़कर जलवायु परिवर्तन और उसके सुधार पर संवाद करते हैं
27 अगस्तः टॉक्स, राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर – संतुलित जीवन और जलवायु सुधार पर प्रेरक संवाद श्रृंखला की शुरूआत।
28 अगस्तः द इकोनॉमिक टाइम्स राजस्थान बिजनेस समिट – मुख्य भाषण।
29 अगस्तः क्लाइमेट एक्शन हब ओरिएंटेशन, पूर्णिमा कॉलेज – संस्थानों और छात्रों को संगठित कर मापनीय जलवायु प्रभाव के लिए एक्शन हब की स्थापना। 30 अगस्तः स्पीकर ट्रेनिंग वर्कशॉप, डॉ. बी. लाल इंस्टिट्यूट ऑफ बायोटेक्नोलॉजी – शिक्षकों और युवा नेताओं को स्पीकर बनने का प्रशिक्षण, ताकि वे समुदाय में संदेश फैला सकें।

## सैनी मिष्ठान भंडार ने वितरित किए मोटर साइकिल सवार को हेलमेट

**(पुलिस का घरेलू स्लेंडर पर नहीं हैं नजर )**

**(हेलमेट से जान बची सलेंडर से मौत )**

**देश का दर्पण,.दैनिक अखबार न्यूज रिपोर्टर .राकेश कोठेनिया हलेना** भरतपुर ... यातायात जागरूक अभियान के तहत सैनी मिष्ठान भंडार के ओनर उदय सैनी के द्वारा दिए गए हेलमेट यातायात पुलिस के द्वारा लोगों को वितरण



किए गए. लोगों ने इस। अभियान को लेकर बताया हर भाई को जान बचाना चाहिए।

## डॉ आदित्य प्रकाश जिला पदाधिकारी सीवान की अध्यक्षता में अनु० जाति और अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 (समय-समय पर यथा संशोधित) के अंतर्गत गठित...



**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सीवान आज दिनांक-26.08.2025 को अपराह्न 01:00 बजे जिला पदाधिकारी महोदय सीवान डॉ आदित्य प्रकाश की अध्यक्षता में अनु० जाति और अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 (समय-समय पर यथा संशोधित) के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति तथा मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम-2013 की बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर समाहर्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी, सीवान, प्रभारी स्थापना उपसमाहर्ता सिवान, सिविल सर्जन, सीवान, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सीवान, विशेष लोक अभियोजक, अनु० जाति एवं अनु०जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, सीवान, थानाध्यक्ष, अनु० जाति एवं अनु० जनजाति थाना सीवान, नोडल, अनु० जाति और अनु० जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम तथा अन्य सदस्य उपस्थित हुए।

## प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर द्वारा आम मतदाताओं को EVM/VVPAT के कार्य प्रणाली के बारें में अवगत कराया




**सीवान संवाददाता मसरूर अहमद**

सीवान आज दिनांक 26 अगस्त 2025 को आगामी बिहार विधान सभा आम निर्वाचन 2025 के निमित्त सिवान जिला अंतर्गत सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में मोबाइल डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से प्रतिनियुक्त मास्टर ट्रेनर द्वारा आम मतदाताओं को EVM/VVPAT के कार्य प्रणाली के बारें में अवगत कराया जा रहा है। साथ ही उपस्थित आम मतदाताओं से मॉक वोट भी कराया जा रहा है।

आम मतदाता उत्साहपूर्वक अपने मतदान केंद्र पर उपस्थित होकर EVM/VVPAT में भाग ले रहे हैं।

## विकास के संकल्प पर सांसद-विधायक संवाद पर प्रेस वार्ता

## भाजपा सरकार ने 80 से 90 प्रतिशत बजट घोषणाएं की क्रियान्विति

**जयपुर, 26 अगस्त।** राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श्री अरूण चतुवेर्दी ने मंगलवार को जयपुर में प्रेस वार्ता के दौरान बताया गया मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने अपने संवाद में सांसद एवं विधायकों को केन्द्र और राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी नीतियों को अधिक से अधिक आमजन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय रूप से कार्य करने का आग्रह किया। श्री चतुवेर्दी ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार ने अपने बजट की 80 से 90 प्रतिशत से अधिक बजट घोषणाओं का क्रियान्वयन किया है। राम जलसेतु लिंक परियोजना और यमुना जल समझौतों को मूर्त रूप प्रदान किया। वहीं, पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के समय में ईआरसीपी की योजनाओं पर गंभीरता से कार्य नहीं हुआ और केवल राजनीति हुई। उस समय जब तत्कालीन जलशक्ति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत जल परियोजनाओं पर बैठक लेने आए तो पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्री बैठक से नदारद रहे।श्री चतुवेर्दी ने कहा कि राज्य सरकार ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के विकास के लिए कार्य किया है। लगभग 75 हजार पदों पर सरकारी नियुक्तियां प्रदान की गई। आने वाले कुछ दिनों में 15-20 हजार सरकारी भर्तियों की घोषणा होने वाली है। हमारी सरकार, पहली सरकार है जिन्होंने सरकारी भर्तियों का कैलेण्डर जारी किया है। उन्होंने कहा कि यूरिया और खाद की आपूर्ति प्रदेशभर में सुनिश्चित की जा रही है तथा इनकी कालाबाजारी को प्रभावी रूप से रोकने के लिए त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

**200 विधानसभाओं के विकास के लिए बिना भेदभाव आवंटन**

उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने कहा कि प्रधानमंत्री के विजन को मुख्यमंत्री श्री शर्मा आगे बढ़ा रहे हैं। प्रदेश की 200 विधानसभाओं के विकास के लिए बिना भेदभाव आवंटन किया गया है। वंदे गंगा जल संरक्षण और हरियालो राजस्थान जैसे नवाचार कर राज्य सरकार ने सामाजिक सरोकार के कार्यों को प्रोत्साहित किया है।
हमारे मुख्यमंत्री निवास के द्वारा आमजन के लिए 24 घंटे खुले, पूर्व मुख्यमंत्री 20 महीने तक घर से नहीं निकले खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्राउंड जीरो पर जाकर आमजन की समस्याओं का प्रभावी रूप से समाधान कर रहे हैं। मुख्यमंत्री निवास के दरवाजे आमजन के लिए 24 घंटे खुले रहे।

## महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम कनोडिया कॉलेज एवं खंडेलवाल कॉलेज में आयोजित

**देश का दर्पण न्यूज**
**संवाददाता सुरेन्द्र कुमार सोनी**

**महिला** सुरक्षा को लेकर आज कनोडिया कॉलेज एवं खंडेलवाल कॉलेज में विशेष महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं एवं बालिकाओं ने भाग लिया और महिला सशक्तिकरण के संकल्प को दोहराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जयपुर पुलिस आयुक्त श्री बीजू जॉर्ज जोसेफ रहे तथा कार्यक्रम का आयोजन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा द्वारा किया गया। पुलिस आयुक्त जयपुर ने कहा कि "हर महिला को सेल्फ डिफेंस आना चाहिए, क्योंकि इससे आत्मविश्वास बढ़ता है। महिलाओं को सशक्त बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। जिस प्रकार जयपुर विश्व का दूसरा सबसे सुरक्षित शहर बना है, उसी प्रकार महिला सुरक्षा के क्षेत्र में भी जयपुर को प्रथम स्थान पर लाना है। इसके लिए राजस्थान पुलिस एवं समाज के सभी वर्ग मिलकर एक सुरक्षित समाज का निर्माण करेंगे।" इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता मीणा एवं उनकी कालिका पेट्रोलिंग यूनिट द्वारा महिलाओं एवं छात्राओं को सेल्फ डिफेंस की विशेष तकनीकें सिखाई गईं। साथ ही फ्अखउडढ ऐप एवं महिला हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर उन्हें सुरक्षा उपायों से अवगत कराया गया। इस दौरान राजीविका की प्रोजेक्ट डायरेक्टर श्रीमती प्रीति सिंह, श्रीमती नीरू सिसोदिया, खंडेलवाल कॉलेज के अध्यक्ष श्री तांबी जी एवं प्राचार्य डॉ. अंज खंडेलवाल उपस्थित रहे। कनोडिया कॉलेज में आयोजित सत्र में बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लेकर सुरक्षा संकल्प लिया। कनोडिया कॉलेज में कार्यक्रम के दौरान कनोडिया कॉलेज की डायरेक्टर एवं प्राचार्य डॉ सीमा उपस्थित रहे। अभियान के सातवें दिन सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी विशेष अभियान के तहत शहर के अलग-अलग इलाकों में महिला पुलिस अधिकारी एवं महिला पुलिस कार्मिक जाकर हजारों बालिकाओं एवं महिलाओं को एवं राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सैकड़ों अध्यापिकाओं, बालिकाओं व बच्चों को महिला सुरक्षा, कानूनों एवं अधिकारों की जानकारी देते हुए जागरूक से किया एवं सेल्प डिफेन्स का लाइव डेमो दिखाकर जागरूक किया। जिसमें बालिकाओं एवं महिलाओं ने भारी संख्या में बढ-चढकर भाग लिया एवं उत्साह देखने को मिला। "सशक्त नारी जिम्मेदारी हमारी" अभियान के तहत पुलिस थाना इलाकों के पार्क, बस्ती में कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं से संवाद कर राजकॉप सिटीजन एप डाउनलोड करवा कर उपयोग करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं साइबर क्राइम,सिक्योरिटी सोशल मीडिया का उपयोग करने के दौरान रखी जाने वाली सावधानी के बारे में अवगत कराया गया।
ह्लआउटरीच प्रोग्रामह्ल- कनोडिया कॉलेज, विद्वया आश्रम स्कूल, मंगलम अस्पताल, बैंक, कॉल सेंटर गलैक्सी सिनेमा के पास, फैक्ट्री, क्ळ कंपनियाँ क्षेत्र में छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं के साथ संवाद कर महिला सुरक्षा की शपथ दिलाकर सेफ्टी वॉरियर्स बनाया, सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, पोस्टर प्रदर्शनी, आत्मरक्षा लाइव डेमो के माध्यम से कानूनों एवं अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। महिला हेल्पलाइन के साथ ही साइबर क्राइम एवं राजकॉप नीड हेल्प एप के बारे में भी अवगत कराया और बालिकाओं की हौसला अफजाई की एवं आत्मरक्षा के टिप्स भी दिए। परिष्कार कॉलेज में जयपुर के प्रतिष्ठत महिला क्लब के प्रतिनिधियो के साथ महिला सुरक्षा को लेकर मीटिंग, सेल्प डिपेंस लाइव डेमों, महिला सुरक्षा पर शपथ एवं सेफ्टी वॉरियर्स बनाया। "सुरक्षित शहर, स्मार्ट शहर" सुरक्षा सुझाव बॉक्स ढडरल्ल जागरूकता, शिकायत निवारण प्रक्रिया और क्ळउ (आंतरिक शिकायत समिति) जागरूकता, "रिस्पेक्ट एट वर्कप्लेस" शपथ, हेल्पलाईन एवं लीगल एड सेल की जानकारी दी गयी। ह्लवॉक एंड टॉकह्ल- हाइपर सिटी मॉल में श्रीमती नतीशा आरपीएस, श्रीमती सुलेश आरपीएस, श्रीमती संतरा मीणा पु0नि0 ने वॉक एंड टॉक के माध्यम से बालिकाओं एवं महिलाओं से संवाद कर उन्हें कार्य स्थल पर सुरक्षा का अधिकार, कानूनों एवं अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक रहने की सलाह एवं जानकारी दी गयी एवं सेप्टी वॉरियर्स बनाकर राजकॉप नीड हेल्प एप डाउनलोड करवाया गया।

## 16 जिलों से 21405 रेल यात्रा व 2569 का हवाई यात्रा के लिए चयन

**जयपुर, 26 अगस्त।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी बजट 2025-26 की घोषणा की पालना में मंगलवार को वरिष्ठ नागरिक तीर्थयात्रा योजना-2025 के अन्तर्गत जयपुर जिले की लॉटरी के जरिए वरिष्ठजनों का चयन किया गया। पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री श्री जोराराम कुमावत व संसदीय कार्यमंत्री व जयपुर के जिला प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने बटन दबाकर लॉटरी निकाली।देवस्थान विभाग के मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि बजट घोषणा-2025-26 के तहत इस बार 6 हजार वरिष्ठजनों को हवाई जहाज से पशुपतिनाथ, काठमांडु, नेपाल तथा 50 हजार यात्रियों को वातानुकुलित ट्रेन से देशभर के 15 तीर्थस्थलों के दर्शन करवाए जाएंगे। इसके तहत अब तक कुल 16 जिलों से रेल यात्रा के लिए 21405 तथा 2569 वरिष्ठजनों का हवाई यात्रा के लिए लॉटरी के जरिए चयन किया जा चुका है। इसी के तहत मंगलवार को जयपुर जिले के कुल 4905 यात्रियों का चयन किया गया है। इनमें से 4379 रेल यात्रा व 526 वरिष्ठजन हवाई यात्रा कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि राज्य स्तर पर कुल एक लाख 15 हजार 302 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें एक लाख 84 हजार 494 यात्री शामिल हैं। श्री कुमावत ने बताया कि जयपुर जिले में कुल 11378 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। बजट वर्ष-2025-26 में चयनित यात्रियों की पहली ट्रेन एक सितंबर-2025 को जयपुर से रामेश्वरम के लिए रवाना होगी।
देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि बजट वर्ष-2025-26 के लिए जिलों में लॉटरी के जरिए चयन की प्रक्रिया 25 से 29 अगस्त-2025 तक पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिन में कुल 16 जिलों की जिला स्तरीय कमेटी द्वारा लॉटरी निकाली जा चुकी है। इसके तहत अब तक जैसलमेर जिले के 721, फलौदी के 755, जोधपुर के 10595, जयपुर जिले के 18423, खैरथल-तिजारा जिले के 880, कोटपुतली-बहरोड़ के 883, उदयपुर के 8418, कोटा के 10375, डीग जिले के 1324, बाड़मेर के 1392, अजमेर के 7192, बीकानेर जिले के कुल आवेदक 8202 यात्रियों में से जिलेवार कोटे के अनुरूप लॉटरी के जरिए चयन किया गया है। इसी तरह मंगलवार को बालोतरा जिले के 1551, धौलपुर जिले के 1782, भीलवाड़ा के 6690 तथा झालावाड़ जिले के कुल आवेदक यात्री 6963 में से चयन किया गया है। देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने बताया कि अगले तीन दिन में शेष 21 जिलों की लॉटरी निकालकर वरिष्ठजनों का चयन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 27 अगस्त को सलूंबर, राजसमंद, डूंगरपुर, पाली, जालौर, करोली, सिरोही, चितौड़गढ जिले की लॉटरी निकाली जाएगी। इसी तरह 28 अगस्त को प्रतापगढ़, झुंझुनूं, श्रीगंगानगर, बूंदी, चूरू, ब्यावर, सीकर, बारां तथा 29 अगस्त को भरतपुर, डीडवाना कुचामन, नागौर, दौसा, टोंक, बांसवाड़ा, अलवर, हनुमानगढ व सवाईमाधोपुर जिले के वरिष्ठजनों की लॉटरी निकाली जानी है। देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि इस बार वातानुकुलित ट्रेन से हरिद्वार, ऋषिकेश, आयोध्या, वाराणसी, सारनाथ, सम्मेद शिखर, पावापुरी, मथुरा, वृंदावन, बरसाना, आगरा, द्वारकापुरी, नागेश्वर, सोमनाथ, तिरूपति, पदमावती, कामख्या-गुवाहाटी, गंगासागर-कोलकाता, जगन्नाथपुरी-कोणार्क, रामेश्वरम-मदुरई, वैष्णोदेवी, अमृतसर-वाघा बॉर्डर, गोवा, महाकालेश्वर, उज्जैन, ओंकारेश्वर, त्रयम्बकेश्वर, घृष्णेश्वर, एलोरा, बिहार शरीफ, पटना साहिब-बिहार, श्री हजूर साहिब नांदेड़, महाराष्ट्र के दर्शन करवाए जाएंगे।

## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा किसान हितों के प्रति संवेदनशील -

## राज्य में मांग अनुसार उर्वरकों की पर्याप्त आपूर्ति एवं अतिरिक्त आपूर्ति की कार्यवाही जारी

**जयपुर, 26 अगस्त।** राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों व ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी प्रदेश भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा निरंतर केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश की मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति करवाई जा रही है। राज्य के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खरीफ 2025 में अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 8 लाख 82 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक 8 लाख 23 हजार मैट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है। अगस्त माह की शेष अवधि में 59 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति राज्य सरकार द्वारा कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है।

**केंद्र से स्वीकृत 4.75 मैट्रिक टन डीएपी के विरुद्ध 3.59 लाख मैट्रिक टन की आपूर्ति**

माह अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 4 लाख 75 हजार मैट्रिक टन डीएपी के विरुद्ध अब तक 3 लाख 59 मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति की जा चुकी हैं, शेष 27 हजार मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति प्रस्तावित है।

## अनर्गल बयानबाजी करो और चर्चा में रहो, इनकी राजनीति का मूल मंत्र

जयपुर, 26 अगस्त। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री श्री सुमित गोदारा ने कहा कि कांग्रेस में दिल्ली से जो समाचार आ रहे हैं उससे सबसे ज्यादा व्यथित प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा हैं। इनका आलाकमान संगठन में बदलाव कर रहा है और ये विचलित हो रहे है। श्री गोदारा ने वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि मीडिया में सुर्खियां पाने के लिए अकारण बोलना डोटासरा की पुरानी आदत है। बयानबाजी करो और चर्चा में रहो, इनकी राजनीति का मूल मंत्र है। उन्होंने कहा कि अतिवृष्टि प्रभावित क्षेत्र में राहत कार्यों में राज्य सरकार और जनता कंधे से कंधा मिलाकर एक साथ काम कर रही है। इससे बौखलाकर डोटासरा अनर्गल बयान दे रहे हैं। उन्हें अब मुंगेरीलाल के हसीन सपने देखना बंद कर देना चाहिए। पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री सुभाष महरिया ने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार एकमुखी होकर काम कर रहे है। मुख्यमंत्री निवास पर दो दिन तक संगठन और सरकार के बीच जो सार्थक बैठकें हुई हैं, उससे डोटासरा को जलन होना स्वभाविक है। केन्द्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार जनता के हित में बेहतर कार्य कर रही है.

## विकास के संकल्प पर सांसद-विधायक संवाद

## समावेशी विकास हमारी सरकार का विजन



**जयपुर, 26 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा ने सांसद-विधायक संवाद कार्यक्रम के दूसरे दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर नागौर, जोधपुर, बाड़मेर, जालोर-सिरोही, पाली, बीकानेर, श्रीगंगानगर, झुंझुंनू, सीकर, चूरू, जयपुर शहर, जयपुर ग्रामीण, अलवर, अजमेर और दौसा संसदीय क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों और भाजपा जिला अध्यक्षों के साथ प्रदेश के विकास पर संवाद किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री मदन राठौड़ एवं केन्द्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, केन्द्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री अर्जुनराम मेघवाल, उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा, राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ. अरूण चतुवेर्दी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री राजेन्द्र राठौड़, भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष श्री अशोक परनामी, श्री सीपी जोशी सहित संबंधित संसदीय क्षेत्रों के भाजपा सांसद, विधायक और लोकसभा एवं विधानसभा प्रत्याशी एवं बीजेपी जिलाध्यक्ष उपस्थित रहे।

**पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने किया कुशासन, हमारी सरकार बनी सुशासन का प्रतीक**

इस दौरान श्री शर्मा ने विकसित राजस्थान@2047 की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कहा कि जन आकांक्षाएं राज्य सरकार के विजन का केन्द्र बिन्दु है। प्रदेश के समावेशी एवं सर्वांगीण विकास के विजन के साथ हमारी सरकार ने बजट में सभी 200 विधानसभा क्षेत्रों के लिए बिना किसी भेदभाव के बजट का प्रावधान किया है। हमारी सरकार सबका साथ-सबका विकास में विश्वास रखती है जबकि पिछली कांग्रेस सरकार कमीशन के लिए काम करती थी। गत कांग्रेस सरकार में भ्रष्टाचार और कुशासन का बोलबाला रहा और पेपरलीक कर युवाओं के सपनों को रौंदने का काम किया। वहीं, हमारी सरकार के डेढ़ साल में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ। हमारी सरकार सुशासन के उच्चतम मापदंडों के अनुरूप कार्य कर रही है।

## मॉडल स्कूल में ईवीएम मशीन से हुए बाल संसद के चुनाव,अटल लैब में बनाई गई ईवीएम मशीन

**सुरज वर्मा**

शाहपुरा शहर में स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल शाहपुरा के बाल संसद के चुनाव निर्विघ्न रूप से संपन्न हुए । इस बार का चुनाव विशेष रहा हैं । व्याख्याता बुद्धि प्रकाश मीणा द्वारा अटल लैब में निर्मित ईवीएम मशीनों के माध्यम से चुनाव करवाया गया । ईवीएम मशीन की खासियत रही है की इसमें नोटा का बटन भी उपलब्ध था जिसमें मतदाता के प्रत्याक्षी समझ में नहीं आने पर नोटा का भी प्रयोग कर सकते थे । चुनाव प्रभारी लोकेश कुमार चौधरी और रत्ना टेलर ने बताया कि बाल संसद के चुनाव में मुख्य 6 पदों पर चुनाव करवाए गए जिसमें प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री, शिक्षा मंत्री, पर्यावरण मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री प्रमुख थे । प्राचार्य ईश्वर लाल मीणा ने बताया कि कुल 36 प्रत्याक्षी मैदान में थे । प्रत्येक पद के लिए 6-6 उम्मीदवारों ने आवेदन किया । मतदान में कक्षा 6 से 8 के भैया बहनों ने भाग लिया । विद्यालय मीडिया प्रभारी परमेश्वर प्रसाद कुमावत, प्रकाश चन्द्र धोबी उपस्थित रहे ।

## 16वाँ नेपाली समाज महिला हरितालिका तीज महोत्सव भव्य रूप से सम्पन्न



**जयपुर**

श्री पशुपतिनाथ वेलफेयर सेवा समिति एवं राप्रपा प्रवास संगठन भारत, जयपुर (राजस्थान) के संयुक्त तत्वावधान में 16वाँ नेपाली समाज महिला हरितालिका तीज महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन के दौरान समाज की बच्चियों ने तिलक कर मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। संस्था के पदाधिकारियों ने साफा एवं माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समाज की महिलाओं एवं बच्चियों द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। नेपाली कलाकारों ने भी अपने लोकप्रिय गीतों से कार्यक्रम में चार चाँद लगा दिए। हांगकांग को साड़ी ले धूल उडायोह्व जैसे गीतों ने उपस्थित जनों को झूमने पर मजबूर कर दिया। आयोजन समिति के नवीन बहादुर एवं विपिन ठाकुरी ने बताया कि इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री गोपाल शर्मा, विशिष्ट अतिथि के रूप में नेपाल से पधारे पूर्व उप प्रधानमंत्री श्री राजेन्द्र लिङ्देन, सांसद श्री ज्ञानेंद्र शाही, महिला युवा नेत्री खुशबू ओली एवं नेपाली लोक कलाकारों ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष विपिन सिंह ठकुरी ने कहा कि नेपाली समाज की महिलाएं इस दिन निर्जला व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु एवं परिवार तथा देश की खुशहाली की कामना करती हैं।



## मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुलाकात की। श्री शर्मा से उनकी ये शिष्टाचार भेंट थी।

## देवखेड़ा में मंगलवार को खेत से चारा लेकर लौट रही विवाहिता की फॉर्म पौंड में डूबने से मौत

**सुरज वर्मा**



शाहपुरा के गांव देवखेड़ा में मंगलवार को खेत से चारा लेकर लौट रही विवाहिता की फॉर्म पौंड में डूबने से मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर उपनिरीक्षक बालकिशन मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस ने बताया कि मंगलवार सुबह 9 बजे माया (22) अपने पति द्वारका के साथ अपने खेत पर गायों के लिए चारा काटने के लिए गई थी। सुबह करीब 11 बजे चारे के दो गट्ठर बनाकर दोनों पति-पत्नी वापस अपने घर की तरफ लौट रहे थे। खेत और घर के रास्ते पर एक फॉर्म पौंड के नजदीक पहुंचने पर माया ने पति से अपने कीचड़ से भरे हुए पैर धोने और शौच करके घर पहुंचने की बात कही और वहीं रुक गई। इस पर द्वारका घर चला गया। थोड़ी देर बाद वापस लौटने पर उसे माया नहीं मिली। जिस पर उसने गांव तथा मोहल्ले में और गांव के चौराहे पर माया की तलाश की। परिजनों को भी फोन करके लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।पूछा,दोपहर करीब 3 बजे महिला के परिजन जब वापस फॉर्म पौंड के पास गए तो बाहर उसकी चप्पल पड़ी हुई मिली।

## स्वायत शासन सचिव रवि जैन के नाम उपखंड अधिकारी शाहपुरा को सौंपा ज्ञापन निर्दोष नगरपालिका कर्मचारियों की बहाली की मांग



**सुरज वर्मा**

**शाहपुरा नगर** पालिका क्षेत्र में आवारा एवं हिंसक कुत्तों की बढ़ती समस्या को लेकर जनता में भारी आक्रोश व्याप्त है। इस गंभीर स्थिति में नगर पालिका के कुछ कर्मठ कर्मचारियों द्वारा बिना किसी सुरक्षा उपकरणों के जनसुरक्षा हेतु किया गया कार्य सराहनीय था। दुर्भाग्यवश, इन कर्मचारियों को बिना निष्पक्ष जांच के निलंबित कर दिया गया, जो कि पूर्णतः अन्यायपूर्ण एवं प्रशासनिक प्रक्रियाओं के प्रतिकूल है।इसी विषय को लेकर आज नगर कांग्रेस कमेटी, शाहपुरा द्वारा कार्यवाहक नगर अध्यक्ष रमेश सेन के नेतृत्व में उपखंड अधिकारी, शाहपुरा को स्वायत शासन सचिव रवि जैन के नाम एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मांग की गई किः

**निर्दोष एवं कर्तव्यनिष्ठ कर्मचारियों की त्वरित बहाली की जाए**

पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच की जाए। नगरपालिका को आवारा पशुओं से निपटने हेतु आवश्यक संसाधन एवं दिशा-निर्देश तत्काल उपलब्ध कराए जाएं।

नगर कांग्रेस कमेटी ने यह स्पष्ट किया कि जनता के हितों से जुड़े मुद्दों पर चुप नहीं बैठा जाएगा और यदि शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई, तो जनआंदोलन की राह भी अपनाई जा सकती है।

**ज्ञापन के दौरान उपस्थितः**

ज्ञापन के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अजय मेहता मानक घुसर लादू राम खटीक पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नमन ओझा कांग्रेस प्रदेश सचिव चिकित्सा प्रकोष्ठ अतुल त्रिपाठी नगर उपाध्यक सुनील मिश्रा नगर महामंत्री ओम सिंधी सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष जयंत जीनगर पूर्व पार्षद ओम सेन पार्षद प्रत्याशी रविदत्त पुंडरीक विक्की खान सुनील पराशर धनराज जीनगर विनीत बुनकर अमजद खान विजय सिंह सुरेश ओझा पुष्पेंद्र सिंह चौहान पुष्पेंद्र सिंह बडगुर्जर आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## आमली पेट्रोल पंप के पास दिन दहाड़े बजरी माफिया की हाईवे पर अवैध दौड़, प्रशासन मोन



**सुरज वर्मा**

भीलवाडा ज़िले में गंगापुर मेगा हाइवे पर रात 3 से सुबह 7 बजे तक दौड़ते बजरी से लदे ट्रैक्टर, कानून का नहीं कोई खौफ।आमली पेट्रोल पंप के पास बागोर से गंगापुर मेगा हाईवे बजरी माफिया का तेज रफ्तार अड्डा बन चुका है। रोजाना रात के अंधेरे में 3 बजे से लेकर सुबह 7 बजे तक बजरी से ठसाठस भरे ट्रैक्टर दौड़ते हैं—मानो यहां कानून का कोई अस्तित्व ही नहीं।मंगलवार सुबह करीब 8 बजे आमली,पेट्रोल पंप के पास एक ट्रैक्टर इतने बेखौफ तरीके से निकला जैसे पुलिस, नाके और नियम—सब इनके लिए मजाक हों।स्थानीय लोगों का कहना है कि बजरी माफिया का ये खेल खुलेआम जारी है और प्रशासन सिर्फ मूकदर्शक बना बैठा है। सवाल उठता है—क्या कानून सिर्फ आम जनता के लिए है, माफियाओं के लिए नहीं? बजरी माफियो के हौसले बुलंद। बजरी माफिया के किसी भी ट्रैक्टर के नंबर प्लेट मौजूद नहीं होने के बावजूद भी सड़क पर दौड़ते हुए।

## कैथूनीपोल चौराहे पर बनेगी रोटरी, आवागमन सुगम होगा

## लोकसभा अध्यक्ष ने किया अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण

### - पैदल भ्रमण कर लिया तैयारियों का जायजा, अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश



**देश का दर्पण**
**संवाददाता सुरेश कुमार पटेरिया**

कोटा, 26 अगस्त। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को अनंत चतुर्दशी शोभायात्रा मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी गणेश चतुर्थी और अन्य धार्मिक आयोजनों को देखते हुए जिला प्रशासन, पुलिस अधिकारियों और आयोजन समिति से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बिरला ने आयोजन समिति पदाधिकारियों, व्यापार मंडल, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों तथा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ कैथूनीपोल से किशोर सागर पाल तक संपूर्ण मार्ग का पैदल भ्रमण किया। इस दौरान जगह-जगह व्यापारिक संगठनों और सामाजिक संस्थाओं ने उनका स्वागत किया।

निरीक्षण के दौरान बिरला ने कैथूनीपोल चौराहे को चौड़ा कर रोटरी बनाने के निर्देश दिए और कहा कि चौराहे की बनावट ऐसी हो कि शोभायात्राओं के समय इसे शिफ्ट किया जा सके। उन्होंने गंधीजी का पुल चौराहे पर व्यापारियों से सामंजस्य स्थापित कर कार्य करने और सब्जी मंडी के प्रवेश द्वार को सुव्यवस्थित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मार्ग पूरी तरह साफ-सुथरा और गड्ढामुक्त रहे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो।

# संवेदनशीलता के साथ प्रयास कर अधिक से अधिक लोगों को पहुंचाएं राहत : बिरला

**देश का दर्पण**
**संवाददाता सुरेश कुमार पटेरिया**

**कोटा/बून्दी** 26 अगस्त। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि अतिवृष्टि और बाढ़ से प्रभावित लोगों को अधिक से अधिक राहत मिले, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि नुकसान के सर्वे में किसी भी प्रकार की लापरवाही और चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बिरला ने कहा कि मैंने स्वयं प्रभावित इलाकों का दौरा कर हालात देखे हैं, कई परिवारों का सबकुछ बह गया है। ऐसे में प्रभावितों तक त्वरित और संवेदनशीलता के साथ राहत




पहुंचाना आवश्यक है। मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोटा-बूंदी जिले के अधिकारियों के साथ राहत और आपदा प्रबंधन कार्यों की समीक्षा करते हुए बिरला ने कहा कि मकानों, पशुओं और फसलों के नुकसान का सर्वे पूरी ईमानदारी से हो और सभी पात्र प्रभावितों को एसडीआरएफ नॉर्म्स के अनुसार सहायता दी जाए। उन्होंने उपखंड अधिकारियों को निर्देश दिया कि सहायता राशि के आवेदन के समय प्रभावितों से मकान का पट्टा नहीं मांगा जाए, क्योंकि नॉर्म्स में इसका कोई प्रावधान नहीं है। बिरला ने कहा प्रयास किए जाएं कि जिनके मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं उन्हें अधिक से अधिक सहायता मिल सके। बर्तन और कपड़ों की क्षति के लिए भी मुआवजा दिलाने का प्रयास हो।

जलभराव का हो स्थायी समाधान लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि कई स्थानों पर पानी की निकासी बंद होने से गांव और बस्तियों में जलभराव हो गया। इसके कारणों का अध्ययन कर स्थायी समाधान सुझाने के लिए उपखंड स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में सीएडी, सिंचाई, पीडब्ल्यूडी और पंचायती राज विभाग की कमेटी गठित की जाए। शहरी क्षेत्रों में भी नगर निगम स्तर पर कमेटी बनाकर पानी की निकासी के लिए वैकल्पिक उपाय तय किए जाए। बिरला ने कहा कि जलभराव के बाद जिन गांवों में मलबा जमा हुआ है वहां मनरेगा के तहत सफाई करवाई जाए। प्रभावित परिवारों की सूची बने ताकि उन्हें जनसहयोग से भी सहायता उपलब्ध करवाई जा सके। कृषि विभाग ने बताया कि अतिवृष्टि से सोयाबीन और उड़द की फसल को भारी नुकसान हुआ है।

## बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण, मुक्ति व पुर्नवास कार्यों में लाएं प्रगति

**जयपुर, 25 अगस्त।** बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण मुक्ति एवं पुर्नवास के सम्बन्ध में जिला स्तरिय बन्धक श्रमिक सर्तकता समिति की बैठक अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर (दक्षिण) श्री संतोष कुमार मीणा की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि बन्धक श्रमिक सर्वेक्षण मुक्ति व पुर्नवास के कार्य में सभी सम्बन्धित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करते हुए प्रगति लाएं और मुक्त करवाएं हुए बाल श्रमिकों के नियोजकों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर अपराध प्रमाणित होने पर दोषियों के खिलाफ उचित दण्डात्मक कार्यवाई की जाए। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट शहर



(दक्षिण) द्वारा निर्देशित किया कि बाल श्रम संभावित फैक्ट्रियों तथा ईंट भट्टों मालिकों के साथ समझाइश तथा जाग्रति पैरा की जाये। शिक्षा विभाग को निर्देशित किया गया कि प्रार्थना सभा एवं बाल सभा में बाल श्रम के बारे विद्यार्थियों को जागरूक किया जाये। बैठक में संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त, जयपुर द्वारा अवगत कराया गया कि पुलिस विभाग, चाईल्ड लाईन, स्वयंसेवी संस्थाओं व श्रम विभाग के समन्वित प्रयास से वर्ष 2024 में कुल 240 तथा माह जनवरी 2025 से जुलाई तक 131 बाल श्रमिकों को मुक्त करवाया गया। संभागीय संयुक्त श्रम आयुक्त, जयपुर द्वारा यह भी अवगत करवाया गया कि न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक 28 दावे व वेतन भुगतान अधिनियम के तहत माह जनवरी 2025 से जुलाई 2025 तक 11 दावे प्राप्त हुए हैं। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर जिला द्वारा बताया गया कि बाल श्रमिकों के मामले में एफआईआर दर्ज होने के पश्चात न्यायालय में विचारण के स्तर पर जब बाल श्रमिक को पेश किया जाता है

## जल भराव के कारणों का अध्ययन कर वैकल्पिक उपाय सुझाएं ,अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाएं -लोकसभा अध्यक्ष

जयपुर, 26 अगस्त। लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने कहा कि सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ प्रयास करें कि कोटा-बूंदी जिले में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि एवं बाढ़ से प्रभावित लोगों को अधिक से अधिक सहायता एसडीआरएफ नॉर्म्स के तहत मिल सके। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों को कैसे राहत पहुंचाई जाए, इस दिशा में हर संभव कोशिश की जाए। श्री बिरला ने कहा कि हाल ही में दोनों जिलों में बाढ़ से प्रभा?वित परिवारों को जन सहयोग के माध्यम से राशन सामग्री, कपड़े, बर्तन, बिस्तर आदि उपलब्ध कराए जाएं ताकि उनका जीवन फिर



से सामान्य हो सके।लोकसभा अध्यक्ष मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कोटा-बूंदी लोकसभा क्षेत्र में पिछले दिनों हुई अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों को पहुंचाई जा रही राहत की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि क्षति का सर्वे पूरी संवेदनशीलता के साथ करते हुए अधिक से अधिक लोगों को राहत पहुंचाएं। सभी उपखंड अधिकारी अपने ब्लॉक में पटवारियों को यह निर्देश प्रदान करें कि एसडीआरएफ के तहत मकान की क्षति के लिए मिलने वाली सहायता राशि के आवेदन के समय प्रभावितों से जमीन का पट्टा नहीं मांगा जाए क्योंकि नॉर्म्स के तहत पट्टा मांगने का कोई प्रावधान नहीं है। श्री बिरला ने कहा कि घास-फूस एवं पत्तियों से बनी झोंपड़ी के अलावा जिन घरों की दीवारें बनी हुई थी और छप्पर डला हुआ था उन्हें कच्चे मकान की श्रेणी में सहायता दिलाई जाए। साथ ही, बर्तनों की क्षति के ढ़ाई हजार, कपड़ों की क्षति के ढ़ाई हजार तथा पारम्परिक व्यवसाय करने वाले कारीगरों को औजारों की क्षति के पांच हजार रुपये दिलाने का प्रयास किया जाए ताकि उन्हें अतिरिक्त सहायता मिल सके।

## राज्य सरकार के संयुक्त उपक्रम का पहला एलएनजी प्लांट वित्तीय वर्ष के अंत तक, चार नए सीएनजी स्टेशन लगेंगे-प्रमुख सचिव, माइन्स एवं पेट्रोलियम

### - आरएसजीएल का वार्षिक कारोबार 100 करोड़ के पार, सदस्यों को 0 .5 प्रतिशत लाभांश

**जयपुर, 26 अगस्त। राज्य** सरकार के संयुक्त उपक्रम राजस्थान स्टेट गैस द्वारा इस वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्य का सार्वजनिक क्षेत्र का पहला लिक्विफाइड नेचुरल गैस प्लांट शुरू कर दिया जाएगा। प्रमुख सचिव माइन्स एवं पेट्रोलियम व चेयरमेन राजस्थान स्टेट गैस श्री टी. रविकान्त ने बताया कि कोटा में 2 नए सीएनजी स्टेशन सहित चार सीएनजी स्टेशन इसी वित्तीय वर्ष में शुरू किये जाएंगे। एजीएम में शेयर होल्डर्स को 0.5 प्रतिशत की दर से लाभांश वितरित करने का निर्णय किया गया। चेयरमेन श्री टी. रविकान्त ने आरएसजीएल के वार्षिक कारोबार को मल्टीपल करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुए हरित उर्जा के क्षेत्र में विशेष हिस्सेदारी निभाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि डीपीएनजी के साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को और अधिक संख्या में पीएनजी सुविधाओं से जोड़ने और सेवाओं में विविधिकरण लाया जाएं।

आरएसजीएल के प्रबंध निदेशक श्री रणवीर सिंह ने बताया कि आरएसजीएल का वार्षिक कारोबार बढ़कर 100 करोड़ को पार कर गया है। इसी तरह से 6 करोड़ से अधिक का लाभ रहा है। उन्होंने बताया कि सीएनजी सेगमेंट में 22 प्रतिशत से अधिक की विकास दर रही है। श्री रणवीर सिंह ने बताया कि राज्य में सार्वजनिक क्षेत्र का पहला एलएनजी स्टेशन नीमराना में स्थापित होने से लंबी दूरी के परिवहन वाहनों को सुविधा मिल सकेगी वहीं आरएसजीएल और गैल द्वारा एलएनजी को लेकर अवेयरनेस कार्यक्रम आयोजित करना आरंभ कर दिया गया है। कोटा में नए डीपीएनजी कनेक्शन जारी करने की कार्ययोजना के साथ ही नए व्यावसायिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों को जोड़ने के प्रयास किये जा रहे हैं।

## जयपुर जिले से 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा तीर्थ यात्रा का अवसर

**जयपुर, 26 अगस्त।** राजस्थान सरकार की वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना-2025 के तहत जयपुर जिले के 4 हजार 905 वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क तीर्थ यात्रा का अवसर मिलेगा। मंगलवार को देवस्थान मंत्री श्री जोराराम कुमावत की मौजूदगी में जिला प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने ऑनलाइन लॉटरी निकालकर सफल आवेदकों की घोषणा की। प्रभारी मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर वर्ग के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिक हमारी धरोहर हैं। उनके जीवनभर के अनुभव और आशीर्वाद से समाज व देश आगे बढ़ता है। सरकार का यह प्रयास है कि हमारे वरिष्ठ जन अपनी जीवन यात्रा के इस पड़ाव पर धर्म, आस्था और आध्यात्मिक ऊर्जा से जुड़ सकें। तीर्थ यात्रा योजना न केवल धार्मिक स्थल दर्शनों का अवसर प्रदान करती है, बल्कि वरिष्ठ नागरिकों के मनोबल को भी सशक्त करती है।

## प्रदेश में विलायती बबूल का प्रभावी उन्मूलन आवश्यक— विलायती बबूल को हटाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश जारी करे --पंचायती राज मंत्री



**जयपुर, 28 अगस्त।** पंचायती राज मंत्री श्री मदन दिलावर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विलायती बबूल (प्रोसोपिस जूलीफ्लोरा) को जड़ सहित हटाने के लिए अध्ययन कर आवश्यक दिशा निर्देश जारी करें और इसके उन्मूलन के संबंध में ऐसे विकल्पों को तलाश करें जिससे इस दिशा में सेफ जोन में काम किया जा सके। उन्होंने कहा कि विलायती बबूल के उन्मूलन के लिए क्षेत्र चिन्हित कर चरणबद्ध रूप से काम किया जाए। श्री दिलावर ने मंगलवार को पंचायती राज सभागार में राज्य में विलायती बबूल उन्मूलन के संबंध में वन विभाग, ग्रामीण विकास एवं अन्य संस्था प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में ये निर्देश दिए। पंचायती राज मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य केवल विलायती बबूल को काटना नहीं, बल्कि उनकी जड़ों को पूरी तरह से खत्म करना है ताकि दोबारा न उगें। उन्होंने कहा कि आज हमारे सामने विलायती बबूल खतरा साबित हो रहा है। प्रदेश में बहुतायत में उग आया विलायती बबूल अब अपने आसपास किसी अन्य वनस्पति को पनपने नहीं दे रहा है, इसलिए इसका प्रभावी उन्मूलन आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस पेड़.के कारण खेती की मिट्टी अनुपजाऊ बन जाती है। विलायती बबूल ने चारागाह क्षेत्र को भी नष्ट कर दिया है। इस पेड़ के कारण किसानों को पशु चराने में बड़ी समस्या से गुजरना है पड़ता है।

विलायती बबूल का एक पौधा उग जाता है तो उसके आसपास बहुत सारे पौधे उगते हैं जो अन्य वनस्पति को विकसित नहीं होने देते हैं। उन्होंने विलायती बबूल के उन्मूलन के लिए वर्तमान में उपलब्ध वैधानिक प्रावधानों और नीतियों पर चर्चा की और कहा कि इन विलायती बबूल को हटाने का सरकार अपने स्तर पर प्रयास कर रही है। कुछ अड़चनें हैं, उन्हें दूर कर इनको भी निकालने की कोशिश करेंगे। बैठक में इससे संबंधित उत्पादों ईंधन, चारकोल, पशु आहार आदि के बारे में चर्चा की गई। बैठक में पंचायती राज के शासन सचिव एवं आयुक्त डॉ. जोगाराम , वाटरशेड निदेशक श्री मोहम्मद जुनैद, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर के कुलगुरु श्री बलराज सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण एवं इस क्षेत्र में कार्य कर रही विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

## शराब ठेकेदारों ने किया जोरदार प्रदर्शन




**देश का दर्पण**
**संवाददाता सुरेश कुमार पटेरिया**

**कोटा के अतिरिक्त आबकारी आयुक्त** कार्यालय के बाहर शराब ठेकेदारों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ठेकेदारों ने स्थानीय पुलिस थानों की पुलिस और 112 की गाड़ी पर परेशान करने और ठेकों पर सख़्ती करने के आरोप लगाए। कोटा में शराब ठेकेदारों ने शहर भर की दुकानें सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक बंद रखीं।

वाइन कांट्रेक्टर एसोसिएशन के संभागीय अध्यक्ष विनोद पारेता ने बताया कि " विभाग द्वारा आवंटित की गई दुकानों पर समय अनुसार दुकान खोलने और बंद करने के बावजूद भी अलग-अलग इलाकों के पुलिसकर्मी और बीट इंचार्ज तंग करते हैं। पुलिस की 112 की गाड़ी शराब के ठेकों के बाहर खड़ी कर देते हैं। इस कारण ठेकों पर सेल भी कम हो गई।उन्होंने हमारे द्वारा करोड़ों रुपए का राजस्व आबकारी विभाग को दिया जाता है। उसके बाद भी हमें इन सब समस्याओं को झेलना पड़ रहा है। एसोसिएशन के कोटा जिला अध्यक्ष अजय सिंह राठौड़ ने बताया आबकारी अधिकारी ने आश्वासन दिया है कि अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाई जाएगी। वहीं कोटा शहर पुलिस ने जो सख़्ती शराब की दुकानों पर कर रखी है वह कम हो। पुलिस की 112 की गाड़ियां शराब की दुकानों के बाहर खड़ी होती हैं जिससे आने वाले कस्टमर दुकान पर आने से डरते हैं। कस्टमर के नहीं आने से हमारी दुकानों की सेल भी काम हो रही है। अतिरिक्त आबकारी आयुक्त नरेश मालव ने बताया कि " वाइन ठेकेदारों की विभिन मांगे हैं। उन पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।वहीं शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि जब से मैंने कोटा शहर में ज्वाइन किया है। हर थानों में जाकर सीएलजी मेंबर की मीटिंग की थी। सभी जगह से एक ही शिकायत आ रही थी। रात आठ बजे बाद शराब के ठेकों के बाहर अवैध बिक्री की जाती है। ठेकों के अंदर लोगों को बैठा कर शराब पिलाई जाती है। वहां से गुजरने वाले लोग और महिलाएं अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। इस तरीके की शिकायत हमारे पास आई। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि हमने सभी थाना अधिकारी और बीट कांस्टेबल को निर्देशित किया कि अवैध तरीके से अगर कोई ठेके पर शराब बिक्री हो रही हो या फिर शराब पीकर कोई बाहर हुड़दंग कर रहा हो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाए। अवैध शराब की अगर बिक्री कहीं पाई जाती है तो उसकी वीडियोग्राफी करके हम आबकारी के अधिकारी को भेजते हैं जिस पर कार्रवाई वह लोग करते हैं।

## कोटा को बनाएंगे मेडिकल हब, चिकित्सा सेवाओं में अग्रणी होगा शहर : बिरला।



**देश का दर्पण**
**संवाददाता सुरेश कुमार पटेरिया**

**कोटा, 26 अगस्त।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि बीमारी के समय व्यक्ति शारीरिक और आर्थिक दोनों रूप से प्रभावित होता है। हमारा संकल्प है कि आने वाले वर्षों में कोटा-बूंदी क्षेत्र के प्रत्येक मरीज को सस्ती और सुलभ चिकित्सा उपलब्ध हो सके। इसी दिशा में लगातार कार्य हो रहा है। कोटा को मेडिकल हब के रूप में विकसित करेंगे शीघ्र ही कोटा चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में देश के प्रमुख शहरों में शामिल होगा।

## नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ— आईटी मंत्री, कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

**जयपुर, 26 अगस्त।** 'राजकिसान साथी' परियोजना को प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सीआईपीएस इनोवेशन अवार्ड मिलने के बाद प्रोजेक्ट की टीम ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ से शिष्टाचार भेंट की। कर्नल राठौड़ ने सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की टीम को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी और विभाग को नवीनतम प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में सहायक बनने के निर्देश दिए। कर्नल राठौड़ ने इस उपलब्धि पर टीम को बधाई देते हुए निर्देश दिए कि भविष्य में भी सभी एप्लिकेशंस में नवीनतम तकनीकों को सम्मिलित करते हुए राज्य को आईटी के क्षेत्र में देश का मॉडल राज्य बनाया जाए। उन्होंने कहा कि 'राजकिसान साथी' परियोजना जैसे नवाचारों के माध्यम से न केवल किसानों को सशक्त किया जाए, बल्कि अन्य क्षेत्रों में भी प्रौद्योगिकी का उपयोग कर जनकल्याणकारी योजनाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

# मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा किसान हितों के प्रति संवेदनशील

**जयपुर, 26 अगस्त।** राज्य सरकार और कृषि विभाग द्वारा किसानों को उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। विशेष रूप से यूरिया और डीएपी (डाय-अमोनियम फॉस्फेट) की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

राज्य सरकार द्वारा उर्वरकों की दैनिक उपलब्धता पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। कम उपलब्धता और अधिक खपत वाले जिलों व ब्लॉकों को चिन्हित कर प्रदेश भर में प्राथमिकता के साथ पूर्ण पारदर्शिता से डीएपी व यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उर्वरकों की कालाबाजारी व जमाखोरी को रोकने के लिए कृषि विभाग के अधिकारी प्रदेश भर में पूर्ण सतर्कता से कार्य कर रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा निरंतर केंद्र सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर प्रदेश की मांग अनुसार उर्वरकों की आपूर्ति करवाई जा रही है। राज्य के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु खरीफ 2025 में अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 8 लाख 82 हजार मैट्रिक टन यूरिया के विरुद्ध अब तक 8 लाख 23 हजार मैट्रिक टन की आपूर्ति की जा चुकी है। अगस्त माह की शेष अवधि में 59 हजार मैट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति राज्य सरकार द्वारा कराये जाने की कार्यवाही की जा रही है। माह अप्रैल से अगस्त तक भारत सरकार द्वारा आवंटित 4 लाख 75 हजार मैट्रिक टन डीएपी के विरुद्ध अब तक 3 लाख 59 मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति की जा चुकी हैं, शेष 27 हजार मैट्रिक टन डीएपी की आपूर्ति प्रस्तावित है।

प्रदेश में वर्तमान में 1 लाख 86 हजार मैट्रिक टन यूरिया, 1 लाख 20 हजार मैट्रिक टन डीएपी, 0.81 लाख मैट्रिक टन एनपीके एवं 1 लाख 93 हजार मैट्रिक टन एसएसपी उर्वरकों का स्टॉक उपलब्ध है।

## राज्यपाल श्री बागडे ने जारी किए आदेश

**जयपुर, 26 अगस्त।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलगुरु एवं कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर के कायावर्हक कुलगुरु डॉ. अरुण कुमार को तत्काल प्रभाव से पद से हटाने के आदेश जारी किए हैं।

श्री बागडे द्वारा जारी आदेशों के अंतर्गत डॉ. अरुण कुमार के विरुद्ध विभिन्न गंभीर शिकायतें प्राप्त हुई थीं। जांच के लिए संभागीय आयुक्त, जोधपुर को निर्देशित किया गया था। संभागीय आयुक्त, जोधपुर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में डॉ. अरुण कुमार द्वारा के विरुद्ध अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन करने में जानबूझकर लोप करने, प्रदत्त शक्तियों का दुरूपयोग करने, विश्वविद्यालय को वित्तीय हानि पहुंचाने आदि के कृत्य प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाये गये।

राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्री हरिभाऊ बागडे ने इस आधार पर राज्य सरकार के परामर्श से डॉ. अरुण कुमार को तत्काल प्रभाव से दोनों विश्वविद्यालयों के कुलगुरु पद से हटाने के आदेश जारी किए हैं।

## छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष का कारावास



**फिरोजाबाद/ब्यूरो।** न्यायालय ने नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

थाना रजावली क्षेत्र निवासी एक किशोरी 01 जनवरी 2023 को खेत पर गई थी। उसी दौरान एक युवक ने उसे पकड़ लिया। उसके साथ छेड़छाड़ की। उसे जबरन पकड़कर सरसों के खेत में ले जाने लगा। शोर मचाने पर उसने किशोरी की मां को जान से मारने की धमकी दी। धमकी देकर वह भाग गया।

किशोरी ने परिजनों को घटना के बारे में बताया। पिता ने मामले में राजेंद्र पाल सिंह उर्फ काका पुत्र जिमीपाल निवासी लखनई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना के बाद उसके खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। मुकदमा अपर सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पोक्सो कोर्ट संख्या 3 राजीव सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से मुकदमे की पैरवी विशेष लोक अभियोजक अजमोद सिंह चौहान ने की। उन्होंने बताया कि मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायालय में पेश किए गए। गवाहों की गवाही तथा साक्ष्यों के आधार पर न्यायालय ने राजेंद्र पाल सिंह को दोषी माना। न्यायालय ने उसे तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। उस पर अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा

## 52 पत्ते ताश जप्त कर मुल्जिमान तौसिफ, समसुर खान, मोहम्मद जाकिर, मोहम्मद सानु अंसारी, मोहम्मद इलियास, ताहिर अंसारी, अरबाज मंसूरी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा आई.पी.एस. ने बताया कि समस्त थानाधिकारियों को जिला जयपुर उत्तर में स्पेशल व लोकल एक्ट एवं दिनांक 25-08-2025 से 31-08-2025 के मध्य विशेष अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन में अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया था जिस पर डॉ. श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन में एवं श्री हरिशंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन में श्री उदय सिंह पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री अनवर अहमद हैड कानि 1760, श्री महिपाल सिंह हैड कानि 598, श्री विजय कुमार कानि 8632, श्री राजीव कानि 11403, श्री सोहन कानि 10002,



श्री विक्रम कानि 9779, श्री मुकेश कानि 9092 की टीम गठित की गई।

टीम द्वारा आसूचना संकलन कर दिनांक 26.08.2025 को खोले के हनुमान गेट की तरफ पहाडियो में छतरी के अन्दर सार्वजनिक स्थान पर मुल्जिमान 1 तौसिफ पुत्र सरवर उम्र 26 साल जाति मुसलमान निवासी जिला स्कुल के पास स्मालगंज सानी थाना कोतवाल जिला फतेहगड युपी हाल किरायेदार शफीक नेता का मकान फकीरों की डुंगरी थाना गलतागेट जयपुर 2 सममुर खान पुत्र हसीब खान उम्र 30 साल जाति मुसलमान निवासी गांव सोरिक थाना सौरिक जिला कनोज युपी हाल किरायेदार मोहसीन का मकान लाल मस्जिद के पास पाडा मंडी थाना गलतागेट जयपुर 3 मोहम्मद जाकिर पुत्र श्री सद्दीक उम्र 28 साल जाति मुसलमान निवासी वगीया मोहल्ल, गुडसायगंज थाना गुडसायगंज जिला कन्नोज बुपी हाल किरायेदार ईदगाह कच्ची वस्ती दिल्ली बाईपास रोड थाना गलतागेट जयपुर 4 मोहम्मद सानु अंसारी पुत्र मोहम्मद शकील अंसारी उम्र 22 साल जाति मुसलमान निवासी मोहल्ला खटकपुरा थाना चुनाचोकी जिला फतेहगढ युपी हाल किरायेदार कदीर भाई का मकान लाल मस्जिद, धोबियो का चौक गलतागेट जयपुर 5 मोहम्मद इलियास पुत्र मोहम्मद कुन्दन उम्र 24 साल जाति मुसलमान निवासी म.न. 225 मोहल्ला खटकपुरा इज्जत खां, थाना घुमना कोतवाली जिला फहेतगढ़ युपी हाल किरायेदार शफीक भाई का मकान म.न. 218 पांच नीम बास वदनपुरा थाना गलतागेट जयपुर 6 ताहिर अंसारी पुत्र श्री परवेज उम्र 20 साल जाति मुसलमान निवासी मीना दरवाजा तकीया के पास थाना समसाबाद जिला फहेतगढ युपी हाल शोहेल भाई का मकान लाल मस्जिद के पास थाना गलतागेट जयपुर 7 अरबाज मंसूरी पुत्र पप्पू जान मोहम्मद उम्र 20 साल जाति मुसलमान निवासी मोहल्ला मामदाबाद थाना मामदाबाद जिला फहेतगढ युपी हाल ईदगाह कच्ची बस्ती पडाही के पास, गलतागेट जयपुर को ताश पत्तियों से रुपये दाँव पर लगाकर हारजीत का खेल जुआ खेलते हुये के कब्जे से जुआ राशि 25700/- रुपये मय 52 पत्ते ताश जप्त कर उक्त मुल्जिमानों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस थाना गलतागेट द्वारा अपराधियों के विरुद्ध निरन्तर प्रभावी कार्यवाही जारी है।

## वन राज्यमंत्री ने पाण्डुपोल स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली व सुख-समृद्धि की मंगलकामना की



**जयपुर, 26 अगस्त।** वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री संजय शर्मा ने मंगलवार को अलवर जिले में चल रहे पाण्डुपोल मेले में भाग लिया। उन्होंने मोती डूंगरी स्थित श्री हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली, सुख-समृद्धि व अच्छी वर्षा की मंगलकामना की तथा थानागाजी के ग्राम निमला में डूंगरी वाले हनुमान जी महाराज के मेला कार्यक्रम में शिरकत की।

वन राज्यमंत्री ने जिलेवासियों को पाण्डुपोल हनुमान जी महाराज के मेले की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सनातन संस्कृति में धार्मिक मेले हमारी आस्था के प्रतीक हैं, जो समरता, भाईचारे और एकता की भावना को प्रबल करते हैं। उन्होंने कहा कि अलवर में पर्यटन की संभावनाओं को मध्यनजर रखते हुए केंद्र व राज्य सरकार जिले के पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के उन्नयन एवं विकास हेतु प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश का न केवल चहुंमुखी विकास हो रहा है बल्कि हर वर्ग का ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा बजट में मंदिरों में सेवा करने वाले पुजारियों की भोग व सेवा राशि में वृद्धि की है।

## अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा 266.5 ग्राम व ट्रेलर जप्त कर एक नशा कारोबारी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**



श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि जिला जयपुर ग्रामीण में युवा पीढी में बढ़ते हुए नशे की प्रवृति को देखते हुए नशे की रोकथाम हेतु तथा अवैध नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां आरपीएस के निर्देशन में ऑपरेशन नॉकआउट अभियान चलाया जा रहा है। पूर्व में भी अभियान के तहत कार्रवाईयां करते हुए कई नशा कारोबारियों को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ, नशीली दवाईयां व अवैध शराब जप्त की गई थी। इसी क्रम में दिनांक 25.08.2025 को डीएसटी टीम जिला जयपुर ग्रामीण की आसूचना पर ईलाका थाना चन्दवाजी में वृत्ताधिकारी जमवारामगढ श्री प्रदीप यादव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी चन्दवाजी श्री हीरालाल सैनी पुलिस निरीक्षक मय जाप्ता व डीएसटी टीम जयपुर ग्रामीण के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन कर अजमेर दिल्ली हाइवे मानपुरा माचेडी पर नाकाबंदी की गई तथा दौराने नाकाबंदी कार्यवाही करते हुए एक ट्रेलर नंबर आरजे 52 जीए 7437 को चैक किया तो केबिन में से चालक के पास अवैध मादक पदार्थ 266.5 ग्राम डोडा चूरा पाया गया जिस पर आरोपी के कब्जे से अवैध डोडा चूरा 266.5 ग्राम व वाहन ट्रेलर को जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा में प्रकरण पंजीबद्ध कर तफतीश थानाधिकारी आंधी के सुपुर्द की गई। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीद व बिकी के संबंध में अनुसंधान जारी है।

## विशेष अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन में पुलिस थाना गलतागेट की फरार अपराधियों के विरूध कार्यवाही

**देश का दर्पण न्यूज**

पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर श्री करन शर्मा आईपीएस ने बताया कि पुलिस मुख्यालय राजस्थान द्वारा दिनांक 25-08-2025 से 31-08-2025 तक चलाये जा रहे विशेष अभियान में एरिया डोमिनेशन में स्थाई वारन्टी, 299 सीआरपीसी, पीओज, 173 (8) सीआरपीसी में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतू समस्त थानाधिकारी जयपुर उत्तर को निर्देशित किया गया था जिस पर डॉ. श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर प्रथम के सुपरविजन श्री हरि शंकर शर्मा सहायक पुलिस आयुक्त रामगंज जयपुर उत्तर के निर्देशन एवं थानाधिकारी श्री उदय सिंह पुलिस निरीक्षक पुलिस थाना गलतागेट जयपुर उत्तर के नेतृत्व में श्री प्रदीप सिंह हैड कानि 1229, श्री विजय कुमार कानि 8632, श्री विनित कानि 7613 की टीम गठित की गई। टीम द्वारा लगातार मेहनत



कर वांछित आरोपियों पर निगरानी जारी रखी गई। गठीत टीम द्वारा वांछित स्थाई वारंटी शमशाद उर्फ मुन्ना पुत्र मो. निसार निवासी मकान नम्बर 199 कच्ची बस्ती सुरजपोल अनाजमंडी पुलिस थाना गलता गेट जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस थाना गलतागेट जयपुर द्वारा विशेष अभियान के तहत एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही में अपराधियो की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी है।

## उपराष्ट्रपति निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची राजस्थान राजपत्र विशेषांक में प्रकाशित

**जयपुर, 26 अगस्त।** उपराष्ट्रपति निर्वाचन, 2025 के लिए रिटर्निंग अधिकारी और राज्य सभा महासचिव श्री पी.सी. मोदी द्वारा जारी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची गत 25 अगस्त को जारी की गई। राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी श्री नवीन महाजन ने बताया कि इसका पुनः प्रकाशन राजस्थान राजपत्र विशेषांक दिनांक 25 अगस्त,2025 में किया गया है।

## राज्यपाल से मुख्य न्यायाधिपति श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन ने की मुलाकात

**जयपुर, 26 अगस्त।** राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में राजस्थान उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति श्री श्रीराम कलपाती राजेन्द्रन ने मुलाकात की। राज्यपाल श्री बागडे से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

## राज्यपाल की गणेश चतुर्थी पर शुभकामनाएं

जयपुर, 26 अगस्त। राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे ने गणेश चतुर्थी पर्व (27 अगस्त) पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री बागडे ने कहा है कि भगवान श्री गणेश प्रथम पूज्य है। वह सभी प्रकार की बाधाओं को दूर करने वाले और मंगल करने वाले हैं। ऐसे भगवान श्री गणेश का हम वंदन, अभिनंदन करते हैं।

उन्होंने गणेश चतुर्थी उमंग और उत्साह से मनाने के साथ गणेशोत्सव पर भगवान श्री गणेश से राष्ट्र और प्रदेश की समृद्धि, सम्पन्नता और खुशहाली की कामना की है।

## विशेष अभियान के दौरान 13 साल के गुमशुदा बालक को किया दस्तयाब

**देश का दर्पण न्यूज**



पुलिस उपायुक्त, जयपुर उत्तर श्री करण शर्मा ने बताया कि जयपुर शहर में उच्चधिकारीयो द्वारा गुमशुदा बालक बालिकाओ की तलाश हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान जिसमे गुमशुदा बच्चो को तुरन्त तलाश करने हेतु चलाया जा रहा है इस अभियान के तहत पुलिस थाना जयसिहपुरा खोर द्वारा कार्यवाही करते हुये मात्र चार घंटो मे गुमशुदा बालक को जयपुर रेल्वे स्टेशन से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। जयपुर शहर में गुमशुदा बालक / बालिकाओ की तलाश हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है उक्त अभियान के तहत पुलिस थाना जयसिहपुरा खोर जयपुर उत्तर मे एक 13 साल के बालक के गुम होने का प्रकरण दर्ज होने पर घटना की गंभीरता को देखते हुये श्री दुर्गसिंह राजपुरोहित अति. पुलिस उपायुक्त, प्रथम जयपुर उत्तर के सुपरविजन में श्री भोपाल सिंह भाटी सहायक पुलिस आयुक्त, वृत्त आमेर जयपुर उत्तर के निर्देशन में मुकेश कुमार थानाधिकारी पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर के नेतृत्व नेतृत्व में थाना जयसिंहपुरा खोर से श्री रतन लाल सउनि, श्री रमेश कुमार कानि 12441, श्री रामसिह कानि 11947 व साईबर टीम श्री नच्छुराम कानि (कार्यालय पुलिस उपायुक्त) पुलिस थाना जयसिहपुरा बोर की टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए थाना जयसिहपुरा चोर के मुकदमा न. 305/2025 धारा 137(2) बी.एन.एस मे गुमशुदा बालक मो. फैजल को जयपुर रेल्वे स्टेशन से दस्तयाब करने में सफलता हासिल की है। बालक को दस्तयाब कर परिजनो को सुपूर्द किया परिजनो ने जयपुर पुलिस की कार्यप्रणाली की प्रशंसा की गई।

## ग्राम नागा बस्सी में लूट की वारदात को अंजाम देने के मामले में फरार वांछित आरोपी तेजाराम उर्फ मुल्यो को बापर्दा किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**




श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि श्रीमान अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस अपराध शाखा राजस्थान द्वारा दिनांक 25.08.2025 से 31.08.2025 तक एक विशेष अभियान एरिया डोमिनेशन चलाकर एनडीपीएस एक्ट, आबकारी, आर्म्स एक्ट, हत्या / हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों, ईनामी अपराधियों, स्थायी वारण्टीयों तथा सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने व संदिग्ध अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुए थे जिसकी पालना में जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था। इसी कम में दिनांक 26.08.2025 को कार्यवाही हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी जोबनेर श्रीमती प्रियंका वैष्णव के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी जोबनेर श्री सुहैल उप निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना जोबनेर के दर्ज प्रकरण संख्या 386/2024 में ग्राम बस्सी नागा में लूट की वारदात में वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। प्रकरण में पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा फरार वांछित आरोपी तेजाराम उर्फ मुल्यो पुत्र सागर उर्फ बल्यो बावरिया उम्र 29 साल निवासी डेहरा बृसिंहवास पुलिस थाना नीमकाथाना कोतवाली सीकर का पता लगाकर आज दिनांक 26.08.2025 को सेन्ट्रल जेल जिला जयपुर से प्रोडक्शन वारन्ट पर लिया जाकर बाद पूछताछ / अनुसंधान पर बापर्दा गिरफ्तार किया गया है। मुल्जिम से गहनता से प्रकरण में पूछताछ जारी है।

## प्राणघातक हमले के मामले में फरार चल रहे 1000-1000 रुपए के ईनामी व टॉप-10 वांछित दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**

श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम, हत्या, हत्या का प्रयास, लूट, डकैती आदि जघन्य अपराधों में वांछित अपराधियों स्थायी वारण्टीयों, उद्घोषित अपराधियों, 335 बीएनएसएस में गिरफ्तारी वारण्टियों, ईनामी अपराधियों, सामान्य प्रकरणों में वांछित अपराधियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी व हार्डकोर अपराधियों को चैक करने व उनके खिलाफ विधिक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को अभियान चलाकर अधिक से अधिक ईनामी अपराधी, स्थायी वारण्टी व अन्य वांछित अपराधियों को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था। इसी कम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री



शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी दूदू श्री दीपक खण्डेलवाल के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी दूदू श्री मुकेश कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना दूदू के प्रकरण संख्या 77/2025 धारा 189(2), 115(2), 126(2), 352, 117(2), 110, 118(1), 191(1), 191(3) बीएनएस व 3-1 (आर), (एस), 3-2 (वीए) एससी/एसटी एक्ट में फरार वांछित 1000-1000 रुपए के ईनामी व टॉप-10 आरोपियों नारायण सिंह व अरविन्द सिंह की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस टीम द्वारा आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा कड़ी मेहनत करते हुए दिनांक 25.08.2025 को दबिश देकर प्रकरण में फरार चल रहे 1000-1000 रुपए के ईनामी व टॉप-10 आरोपियों नारायण सिंह व अरविन्द सिंह पुत्रगण हरिसिंह जाति चारण निवासी चरासडा थाना दूदू जिला जयपुर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्रकरण में अभियुक्तों से अन्य फरार अभियुक्त सोहेल खान के संबंध में अनुसंधान किया जा रहा है। प्रकरण की वारदात में शामिल अभियुक्त हरिसिंह, गुड्डू उर्फ अमीरूदीन खान व शाहरूख खान उर्फ शेरू को पुर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से किशोर की मौत

**मीरजापुर/ब्यूरो।** अदलहाट थाना क्षेत्र के अदलहाट-शेरवां मार्ग पर भुईली गांव के पास रविवार देर रात एक दर्दनाक हादसा हो गया। ट्रैक्टर की चपेट में आने से 16 वर्षीय किशोर की मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार भुईली ग्राम निवासी रवि सोनकर पुत्र सुरेन्द्र सोनकर रविवार की रात भुईली घाटी के पास सड़क किनारे बैठा था। तभी पहाड़ की ओर जा रहा एक ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर उसे टक्कर मार दिया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि किशोर ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर मौके पर छोड़कर फरार हो गया।

घटना की जानकारी मिलते ही अदलहाट थाना प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे।

# सामाजिक न्याय मंत्री ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

**जयपुर, 26 अगस्त।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति शत-प्रतिशत होना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि घोषणाओं के बेहतर क्रियान्वयन से ही आमजन को लाभ पहुंच सकता है।

श्री गहलोत मंगलवार को अंबेडकर भवन में आयोजित विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बजट घोषणा वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 की बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट ली और लंबित कार्यों के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर काम करने के निर्देश दिए। इस दौरान विधानसभा में विशेष योग्यजन, पेंशन, छात्रवृति, महिला कल्याण, छात्रावास सहित



अन्य विषयों से जुड़े प्रश्नों की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई।

सामाजिक न्याय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा की मंशा समाज के वंचित तबके को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से लाभान्वित करना है। उन्होंने बैठक में सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की वार्षिक भौतिक सत्यापन की स्थिति, छात्रवृति की वित्तीय एवं भौतिक प्रगति, मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में चयनित अभ्यर्थियों में से कोचिंग संस्थानों में ज्वाइन किए गए अभ्यर्थियों की जिलेवार स्थिति, प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना, पालनहार, कन्यादान योजना, कामकाजी महिला छात्रावास योजना, अंबेडकर डीबीटी योजना से लाभान्वित और व्यय, आवासीय विद्यालयों की स्थिति, उत्तर मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाएं, अनुसूचित जाति और जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम में प्राप्त बजट एवं व्यय की स्थिति, डॉ सविता बेन अंबेडकर अंतजार्तीय विवाह प्रोत्साहन योजना में प्राप्त बजट, लाभान्वित और व्यय की स्थिति, आदर्शग्राम योजना, वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण एवं सशक्तिकरण हेतु संचालित योजनाओं की स्थिति, नशा मुक्त भारत अभियान, नवजीवन योजना, देवनारायण योजना, मुख्यमंत्री घुमंतू आवास योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तार से प्रगति जानी और आवश्यक निर्देश भी दिए।

निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव श्री आशीष मोदी ने कहा कि वर्ष 2024-25 की कुल 26 बजट घोषणाओं में से 13 पूर्ण हो चुकी हैं, 10 प्रगतिरत हैं, जबकि 3 प्रक्रियाधीन है। वहीं वर्ष 2025-26 की 15 घोषणाओं में से 8 पूर्ण हो चुकी हैं, 4 प्रगतिरत है, जबकि 3 प्रक्रियाधीन है। उन्होंने बताया कि सभी घोषणाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया जा रहा है।

बैठक में आयुक्त निदेशालय विशेष योग्यजन श्री केसर लाल मीना, वित्तीय सलाहकार श्रीमती अंजू सिंह, निजी सचिव श्री रोहित पटेल, अतिरिक्त निदेशक श्री हरिसिंह मीना, श्रीमती रीना शर्मा, श्री सुण्डाराम मीना, श्री अशोक जांगिड़, श्री अरविन्द कुमार सैनी, अनुजा निगम के श्री वीरेन्द्र सिंह सहित बाल अधिकारिता एवं विशेष योग्यजन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संस्कार भारती, दिल्ली प्रांत की साधारण सभा सम्पन्न - संस्कृति और संगठन पर विमर्श

एजेंसी
**नई दिल्ली।** संस्कार भारती दिल्ली प्रांत की साधारण सभा विश्वासनगर के आयुषम केंद्र के सभागार में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर उत्तर क्षेत्र प्रमुख विजय, केंद्रीय कार्यालय सचिव अशोक तिवारी, प्रांत अध्यक्ष प्रभात कुमार, महामंत्री भूपेंद्र कौशिक, संरक्षक शिव प्रकाश सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रांतीय अध्यक्ष प्रभात कुमार ने वरिष्ठ कवि एवं समाजसेवी राजेश चेतन को दिल्ली प्रांत के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में घोषणा की साथ ही प्रांतीय कोषाध्यक्ष के रूप में महेंद्र गुप्ता की घोषणा हुई। प्रदीप जालीवाला को प्रान्त मंत्री बनाया गया। पदाधिकारियों के घोषणा को संगठन की सांस्कृतिक यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव माना जा रहा है। साथ ही प्रांत के विभिन्न विभागों में नए दायित्वों के निर्धारण और कार्य विस्तार पर विमर्श किया गया। विशेष बौद्धिक सत्र में अशोक तिवारी ने कहा कि संस्कार भारती केवल एक सांस्कृतिक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण की जीवंत चेतना है। उन्होंने कहा कि नई संरचना और सक्रिय कार्ययोजना के साथ संगठन समाज में और प्रभावशाली भूमिका निभाएगा। उन्होंने बताया कि इस वर्ष 'कला उत्सव' विशेष आकर्षण रहेगा। इसके साथ ही दिल्ली प्रांत के आठ विभाग विकास और विस्तार की दिशा में सक्रिय कार्यक्रम करेंगे।

## दिल्ली को कूड़े से आजादी अभियान के तहत दिल्ली विश्वविद्यालय इलाके में स्वच्छता रैली का किया गया आयोजन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के महापौर राजा इकबाल सिंह एवं स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा के नेतृत्व में दिल्ली के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। स्वच्छता रैली दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से आरम्भ होकर पटेल चेस्ट पर समाप्त हुई। स्वच्छता रैली के आयोजन का उद्देश्य नागरिकों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करना था। महापौर राजा इकबाल सिंह ने कहा कि दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने जो दिल्ली को कूड़े से आजाद बनाने की एक मुहिम आरम्भ की थी वो आज एक जन आंदोलन का रूप ले चुकी है। उन्होंने कहा कि उन्हें दिल्ली की जनता को विश्वास दिलाना है कि नगर निगम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए उनके साथ है। महापौर ने जनता से अपील की कि दिल्ली को साफ रखने की मुहिम में वह अपना योगदान दें, स्वच्छ आदतों को अपनाएं, कूड़ा डालने के लिए कूड़ेदान का प्रयोग करें, कूड़ा अलग करके डालें। उन्होंने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ बनाने के इस अभियान में जनता का सहयोग अपेक्षित है। नगर निगम में स्थायी समिति की अध्यक्ष सत्या शर्मा ने कहा कि स्वच्छता अभियान के रूप में निगम ने राष्ट्रीय सेवा का संकल्प किया है।

## राजनीति का अपराधीकरण करना चाहता है विपक्षः भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि संसद में 138वां संविधान संशोधन विधेयक पर जहां सारा देश नैतिकता और सुशासन का स्वागत कर रहा है, वहीं विपक्ष इस विधेयक के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष राजनीति का अपराधीकरण करना चाहता है। भाजपा मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में पूनावाला ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए तीन विधेयकों पर बात की, जिनमें राजनीति में जवाबदेही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 138वां संविधान संशोधन विधेयक भी शामिल है। उन्होंने कहा कि भारतीय राजनीति में व्याप्त वास्तविक अशांति को दूर करने के लिए मोदी सरकार ने संसद में 138वां संविधान संशोधन विधेयक पेश किया है। यह विधेयक राजनीति में भ्रष्टाचार और अपराधीकरण के खिलाफ लड़ने का एक हथियार है। यदि कोई कार्यकारी पद पर आसीन व्यक्ति, चाहे वह प्रधानमंत्री हो, मुख्यमंत्री हो, या कोई केंद्रीय या राज्यमंत्री हो, गंभीर आपराधिक आरोपों में गिरफ्तार होता है और बिना किसी राहत के 30 दिनों तक हिरासत में रहता है, तो उसे उसके पद से हटा दिया जाएगा। इससे पता चलता है कि कानून निष्पक्षता और स्वच्छ राजनीति के पक्ष में है।

## एसएससी अभ्यर्थियों की आवाज सुनने की बजाय किया लाठीचार्ज : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंदर केजरीवाल ने कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) परीक्षा की गड़बड़ियों को लेकर रामलीला मैदान में विरोध प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस की कार्रवाई पर तिखी की प्रतिक्रिया व्यक्त की है।उन्होंने कहा कि प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों की आवाज सुनने की बजाय उन पर लाठीचार्ज किया गया। अरविंद केजरीवाल ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, ये अभ्यर्थी महीनों से इंसाफ की लड़ाई लड़ रहे हैं। उनकी आवाज सुनने की बजाय रात के अंधेरे में उन पर लाठियां बरसा दी गईं। सोचिए... जिन हाथों में कल किताबें होनी चाहिए थीं, आज उन पर चोटों के निशान हैं। केजरीवाल ने कहा कि मीडिया के लोगों को भी खबर कवर करने से रोका गया। देश में खुली गुंडागर्दी चल रही है। लाठीचार्ज कराके छात्रों की आवाज दबा दी जाती है। किसी को भी उठा के जेल में डाल दिया जाता है, जब चाहे कोई भी कानून बदल दिया जाता है।

# प्रभु राम ने दिल्ली को रामराज्य के मार्ग पर आगे बढ़ाने की दी जिम्मेदारी : रेखा गुप्ता

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि रामलीलाएं केवल धार्मिक आयोजन नहीं हैं, अपितु इसका हर चरित्र हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री के अनुसार रामराज्य की स्थापना का अर्थ है न्यायपूर्ण, पारदर्शी और जनता के हित में शासन। इसके लिए आसुरी शक्तियों से टकराना ही पड़ता है। उन्हें प्रभु राम ने यह जिम्मेदारी दी है कि दिल्ली को रामराज्य के मार्ग पर आगे बढ़ाऊं। मुख्यमंत्री ने यह विचार आज शालीमार बाग की दो रामलीलाओं (ए और बी ब्लॉक) के भूमि पूजन कार्यक्रम में व्यक्त किए। मुख्यमंत्री ने इस आयोजन में प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद के लिए कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि प्रभु राम सदैव उन्हें शक्ति और साहस प्रदान करते हैं। मुख्यमंत्री ने हाल ही में उन पर हुए हमले का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद और आप सभी का स्नेह मुझे हमेशा सुरक्षित




और मजबूत बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि रामलीला केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि इसका हर चरित्र हमें जीवन जीने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि रामलीलाओं में हम हर वर्ष जब-जब भगवान श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण या माता कैकयी जैसे पात्रों की कथा देखते हैं तो उनसे जीवन के अलग-अलग दायित्वों को निभाने की सीख मिलती है। यही कारण है कि सदियों से देशभर में हजारों रामलीलाएं आयोजित हो रही हैं, ताकि हम अपने जीवन को बेहतर दिशा दे सकें।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रभु राम का आशीर्वाद और दिल्ली की जनता का सहयोग सदैव मेरे साथ रहा है। और यही मेरी सबसे बड़ी ताकत है। इस भूमि पूजन के साथ ही हम सब मिलकर संकल्प लें कि रामराज्य की परिकल्पना को साकार करेंगे और दिल्ली को प्रेम, शांति और समृद्धि के मार्ग पर आगे ले जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष की रामलीलाएं पहले से अधिक भव्य और आकर्षक होंगी, क्योंकि मंचन के लिए होने वाली बाधाओं को दूर कर दिया गया है। पहली बार मंचन के लिए सारी अनुमतियों के लिए जिला स्तर पर डीएम की अगुवाई में सिंगल विंडो सिस्टम बनाया गया। रामलीला मंचन के लिए भूमि की सिक्योरिटी राशि को 20 रुपये वर्गमीटर से घटाकर 15 रुपये वर्गमीटर की गई। एक बड़ा निर्णय यह भी लिया गया है ।

## नोएडा में कार और बाइक की टक्कर में चार लड़कों की मौत




एजेंसी
**गौतमबुद्धनगर।** उत्तर प्रदेश के जिला गौतमबुद्धनगर के थाना ईकोटेक-तीन क्षेत्र के कुलेसरा पुस्ता के पास दोपहर को एक कार की टक्कर से बाइकसवार चार लड़कों की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर कार चालक को हिरासत में ले लिया है। पुलिस उपयुक्त जोन द्वितीय शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि थाना ईकोटेक तीन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम कुलेसरा पुस्ता के पास चार लड़के एक बाइक से जा रहे थे। तभी सामने से आ रही है एक वैगनआर कार से उनकी बाइक की सीधी टक्कर हो गई। इस घटना में गंभीर रूप से घायल चारों लड़कों को अस्पताल पहुंचाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। मृतक लड़कों की 16 से 18 वर्ष के बीच है। इनकी पहचान सुमित, लवकुश व उनके दो दोस्त रिहान और मोनू ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस उपायुक्त अवस्थी ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की रिपोर्ट दर्ज कर कार चालक को हिरासत में लिया है।

## डब्ल्यूएफपी के उप कार्यकारी निदेशक और कृषि सचिव ने योजनाओं पर चर्चा की

एजेंसी
**नई दिल्ली।** विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) के उप कार्यकारी निदेशक एवं सीओओ कार्ल स्कॉ ने कृषिभवन में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के सचिव, डॉ. देवेश चतुर्वेदी के साथ बैठक की। इस दौरान राष्ट्रीय, क्षेत्रीय और वैश्विक स्तर पर डब्ल्यूएफपी की गतिविधियों और योजनाओं पर चर्चा हुई। कृषि सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने डब्ल्यूएफपी के प्रतिनिधियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और सरकारों के साथ उनके समन्वय की सराहना की। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री की 'वैश्विक खाद्य उत्पादक' के रूप में भारत की भूमिका, खाद्य और पोषण सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भरता की दृष्टि तथा 'विकसित भारत' के लक्ष्यों से अवगत कराया। इस मौके पर कृषि सचिव डॉ चतुर्वेदी ने भारत में कृषि क्षेत्र की कई नवाचारों जैसे फसल बीमा, डिजिटल कृषि, ट्रैसबिलिटी से भी अवगत कराया और आईसीएआर द्वारा विकसित जैव-फोर्टिफाइड (पोषण वृद्धि वाले) फसलों को खाद्य सुरक्षा में महत्वपूर्ण बताया। इस मौके पर डब्ल्यूएफपी) के उप पोषण-समृद्ध पहल, महिला आर्थिक सशक्तिकरण और जलवायु-सहिष्णु आजीविका के माध्यम से अन्य देशों को समर्थन दे सकता है। इसके जरिए



कार्यकारी निदेशक एवं सीओओ कार्ल स्कॉ ने भारत की खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वैश्विक खाद्य सुरक्षा परिदृश्य बढ़ती संघर्षों और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों से चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। उन्होंने भारत की भूमिका को वैश्विक समाधान में महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि भारत अपनी सशक्त सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, विविधीकरण एवं ज्ञान, तकनीक और सर्वोत्तम प्रथाएं साझा की जा सकती हैं। उन्होंने की डब्ल्यूएफपी की भारत के साथ सहयोग को और गहरा करने की प्रतिबद्धता भी जताई। बैठक में खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग, विदेश मंत्रालय, जल-प्रबंधन डिवीजन, कृषि मंत्रालय, नीति आयोग और डाटा, मॉनिटरिंग और मूल्यांकन संगठन के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

## नई वैश्विक व्यवस्था का नेतृत्व करें प्रधानमंत्री मोदी : अतुल जैन

एजेंसी
**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया श्वेतांबर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल जैन ने कहा कि आज विश्व एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है, जहां मानव समाज को यह निर्णय लेना होगा कि वह हथियारों पर आधारित व्यवस्था पर ही विश्वास करता रहेगा या फिर विश्वास, न्याय और मानवता पर आधारित नई संतुलित वैश्विक व्यवस्था की ओर बढ़ेगा।

जैन ने एक बयान में कहा कि जिस दिन विश्व की 8.1 अरब जनसंख्या विश्वास, न्याय और मानवता पर केंद्रित व्यवस्था को अपनाएगी, उसी समय हथियारों पर आधारित शक्तियां अप्रासंगिक हो जाएंगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि इस नई वैश्विक व्यवस्था की पहल भारत से होनी चाहिए और इसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक देश अपनी सुरक्षा के लिए खरबों डॉलर हथियारों पर खर्च कर रहा है, लेकिन यह खर्च मानवता को सुरक्षित बनाने के बजाय विनाश की ओर ले जा रहा है।



वास्तव में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, सकारात्मक विकास और आपसी विश्वास ही मानव समाज की असली सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। जैन ने संयुक्त राष्ट्र जैसे अंतरराष्ट्रीय संगठनों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि यह संगठन कुछ बड़ी शक्तियों के हितों का केंद्र बनकर रह गया है। वीटो पावर की वजह से वैश्विक स्तर पर समानता और न्याय की भावना कमजोर हुई है। कई अन्य संगठन भी केवल सैन्य, धार्मिक या आर्थिक गठबंधनों तक सीमित हैं, जो संपूर्ण मानवता का प्रतिनिधित्व नहीं करते।

उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि एक नई वैश्विक व्यवस्था का निर्माण हो, जिसमें प्रत्येक देश की भागीदारी उसकी जनसंख्या, संसाधनों और योगदान के आधार पर तय हो। इस व्यवस्था में स्थायी वीटो और क्षेत्रवाद जैसी असमानताओं के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। नई व्यवस्था का ढांचा पारदर्शी, न्यायपूर्ण और जिम्मेदार होना चाहिए, ताकि किसी भी शक्ति का वर्चस्व स्थापित न हो सके।

# मुख्यमंत्री ने सीएमडीएफ और एमएलए-एलएडी से जुड़े विकास कार्यों को तेज करने का दिया आदेश

एजेंसी
**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि विकास कार्यों में किसी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अफसरों को आदेश जारी किए कि वे मुख्यमंत्री विकास फंड (सीएमडीएफ) से जुड़े कार्य, विधायक निधि से भेजे गए विकास कार्यों (एमएलए एलएडी) के अलावा अनधिकृत कॉलोनियों और अनुसूचित जाति व जनजाति बस्तियों में विकास की गति तेज करें और वहां शुरू हो रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा करें। मुख्यमंत्री ने इन्हीं विषयों के विकास कार्यों को लेकर दिल्ली सचिवालय में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की



अध्यक्षता की। बैठक में मुख्य सचिव, दिल्ली नगर निगम के आयुक्त सहित शहरी विकास, योजना, वित्त, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से प्राप्त प्रस्तावों और उनकी प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली तथा आगामी कार्ययोजना के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनकी सरकार हर वर्ग और हर क्षेत्र के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए बजट की कोई कमी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की कोताही या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विकास कार्यों को लेकर केवल औपचारिकता निभाने का रवैया बदलना होगा और विभागों के बीच समन्वय को मजबूत बनाकर कार्यों को गति देनी होगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री विकास निधि और विधायक निधि से संबंधित सभी कार्यों की स्टेटस रिपोर्ट नियमित रूप से उनके और विधायकों के पास भेजी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी विधायक द्वारा भेजा गया प्रस्ताव नियमों के अनुसार नहीं पाया जाता है, तो उसकी जानकारी तत्काल विधायक को उपलब्ध कराई जाए।

## डूसू चुनाव को लेकर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने निकाली 'क्लीन कैम्पेन, ग्रीन कैम्पेन रैली'

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर कार्यालय ने राष्ट्रीय सेवा योजना, विश्वविद्यालय के सहयोग से 'क्लीन कैम्पेन, ग्रीन कैम्पेन रैली' का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य आगामी दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ (डूसू) चुनावों के दौरान नैतिक, पर्यावरण-अनुकूल और शांतिपूर्ण प्रचार प्रथाओं के प्रति छात्रों को जागरूक करना है। रैली में दिल्ली विश्वविद्यालय एनएसएस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान विद्यार्थियों ने स्वच्छ और हरित चुनावों का समर्थन करने वाले नारे और संदेशों वाली तख्तियां लेकर रैली में उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह रैली विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन से शुरू हुई और रामजस कॉलेज व दौलत राम कॉलेज से होते हुए कला संकाय में समाप्त हुई। रैली के माध्यम से विश्वविद्यालय समुदाय में नैतिक, पर्यावरण-अनुकूल और स्वच्छ प्रचार प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाई गई। इस अवसर पर डीयू प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह ने कहा कि यह पहल जिम्मेदार नागरिकता, पर्यावरणीय स्थिरता और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में अखंडता को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रैली में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रॉक्टर प्रो. मनोज कुमार सिंह, डिप्टी प्रॉक्टर डॉ. सौरभ, एनएसएस के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नरेंद्र बिश्नोई और अन्य कई समिति सदस्यों और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# भारत के लोकतंत्र की नींव बलिदान और संघर्ष पर टिकी है : रेखा गुप्ता

एजेंसी
**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्र रेखा गुप्ता ने कहा कि भारत के लोकतंत्र की नींव बलिदान और संघर्ष पर टिकी है और हर जनप्रतिनिधि का पहला संकल्प राष्ट्रहित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विचारों में मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनता और राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में सभी राजनीतिक दलों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने यह बातें दिल्ली विधानसभा में आयोजित ऑल इंडिया स्पीकर्स कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में कही। मुख्यमंत्री ने समापन सत्र में मंच पर उपस्थित लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता सहित सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह सम्मेलन सभी राज्यों से आए स्पीकरों और डिप्टी स्पीकरों के लिए अपने दायित्व और प्रतिबद्धता को पुनः स्मरण करने का अवसर है। उन्होंने महिला स्पीकर्स और डिप्टी स्पीकर्स की भागीदारी को



विशेष रूप से प्रेरणादायक बताया। मुख्यमंत्री ने भारत की पहली केंद्रीय विधायनसभा के 100 वर्ष पूरे होने के ऐतिहासिक अवसर का उल्लेख कर कहा कि भारतीयों द्वारा विधानसभा की अध्यक्षता संभालना देश के लोकतंत्र की वास्तविक शुरुआत थी। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदानों को नमन करते हुए कहा कि आज जब हमें अपने संविधान और लोकतांत्रिक संस्थाओं के साथ स्वतंत्र भारत का नेतृत्व करने का अवसर मिला है तो यह हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि हम उस आजादी की गरिमा को और मजबूत करें। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि जनप्रतिनिधियों को हमेशा 'राष्ट्र प्रथम, पार्टी द्वितीय, स्वयं अंतिम' के सिद्धांत पर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विचारों में मतभेद लोकतंत्र की शक्ति है, लेकिन जनता और राष्ट्रहित से जुड़े निर्णयों में सभी दलों को एकजुट होकर खड़ा होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने महान स्वत्रतंत्रा सेनानी विट्ठल भाई पटेल के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी लोकतंत्र और विधायी कार्यों के आदर्श स्थापित किए। उन्होंने कहा कि आज सभी जनप्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि सदनों में होने वाली बहस और चर्चा जनता के हित में हो तथा लोकतंत्र की गरिमा बढ़ाने वाली हो।

## आस्था कुंज पार्क में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी जिले के नेहरू प्लेस स्थित आस्था कुंज पार्क में एक युवक का शव पेड़ से लटका मिला है। मृतक की पहचान मदनपुर खादर निवासी तरुण उर्फ बबली जाट (20) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, रविवार रात करीब 10:25 बजे थाना अमर कॉलोनी में आत्महत्या की पीसीआर कॉल मिली। कॉल करने वाला युवक भोला (25) निजी कंपनी में कार्यरत है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, तो आस्था कुंज पार्क में एक पेड़ से लटका हुआ शव मिला। मृतक के परिजन और रिश्तेदार भी मौके पर मौजूद थे। मृतक युवक के परिजनों ने बताया कि तरुण शाम करीब 5 बजे घर से निकला था, जिसके बाद वह वापस नहीं लौटा। देर रात उसका शव पार्क में पेड़ से लटका मिला। शव मिलने की सीचना पर क्राइम और फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजवाया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## विधायी संस्थाओं की गरिमा कम होना चिंता का विषयः ओम बिरला

एजेंसी
**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि विधायी संस्थाओं की गरिमा कम होना सभी जनप्रतिनिधियों के लिए चिंता का विषय है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और सदस्यों के विशेषाधिकार को सदन की गरिमा को कम करने की स्वतंत्रता नहीं समझा जाना चाहिए। उन्होंने विट्ठलभाई पटेल के केंद्रीय विधानसभा के प्रथम भारतीय अध्यक्ष के पद पर निर्वाचन के शताब्दी वर्ष समारोह के अवसर पर दिल्ली विधानसभा में राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के विधायी निकायों के पीठासीन अधिकारियों के सम्मेलन में समापन भाषण देते हुए ये टिप्पणियां कीं।

बिरला ने कहा कि हाल के दिनों में विधायी निकायों की गरिमा कम हुई है, जो चिंता का विषय है। इस शताब्दी वर्ष पर जनप्रतिनिधियों को विधायी निकायों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और गरिमापूर्ण चर्चा सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता को समझना चाहिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी राजनीतिक दलों को यह सुनिश्चित करने के लिए एक साथ आना चाहि कि विधायी निकायों में विचारों की स्पष्ट अभिव्यक्ति जारी रहे, तथा सहमति और असहमति



दोनों के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत किया जाए।

बिरला ने विधिनिर्माताओं से उचित आचार संहिता का पालन करने का आह्वान किया और कहा कि जनता सदन के अंदर और बाहर उनके कार्यों और आचरण को देखती है। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को यह याद रखना चाहिए कि उनकी भाषा, विचार और अभिव्यक्ति लोकतंत्र की ताकत हैं और उन्हें सम्मानजनक और गरिमापूर्ण बनाए रखना आवश्यक है। जनप्रतिनिधियों के आचरण के बारे में आगे अपने विचार व्यक्त करते हुए बिरला ने कहा कि विधायी निकायों के सदस्यों को अपने निकायों के नियमों, परंपराओं और परम्पराओं को बनाए रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन को सदैव जनता की आवाज बनना चाहिए तथा सदन में बनाए गए कानून जनहित में होने चाहिए। बिरला ने आगे कहा कि इस संबंध में पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि वर्तमान और भावी पीठासीन अधिकारी सदन की कार्यवाही को स्वतंत्र, निष्पक्ष और गरिमापूर्ण बनाए रखेंगे। दिल्ली विधानसभा भवन के ऐतिहासिक स्वरुप के बारे में बात करते हुए बिरला ने कहा कि यह सदन उन नेताओं के विचारों और अभिव्यक्ति का साक्षी रहा है जिन्होंने विधायी माध्यमों से स्वतंत्रता के लिए लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि इस शताब्दी वर्ष पर विट्ठलभाई पटेल का व्यक्तिगत और सार्वजनिक जीवन; अध्यक्ष के रूप में और स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका हर भारतीय के लिए प्रेरणादायी है।

विट्ठलभाई पटेल की विरासत का उल्लेख करते हुए बिरला ने कहा कि उनके द्वारा स्थापित परंपराओं को बाद में भारत के संविधान में शामिल किया गया तथा राज्य सभा और लोक सभा दोनों के अपने स्वतंत्र सचिवालय हैं। संविधान निर्माताओं ने संसद सदस्यों और विधान सभाओं के विशेषाधिकार के रूप में सदन के भीतर सरकार की आलोचना करने की पूरी स्वतंत्रता दी। तथापि उन्होंने यह भी कहा कि इस विशेषाधिकार के साथ ही उचित आचरण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

# चुनाव आयोग अबतक 5 राष्ट्रीय और 17 राज्य स्तरीय दलों से कर चुका है मुलाकात

एजेंसी
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग इस साल मई से लेकर अबतक मान्यता प्राप्त 5 राष्ट्रीय दल और 17 राज्य स्तरीय दलों से मुलाकात कर चुका है। ये संवाद राजनीतिक दलों को अपने विचार सीधे आयोग तक पहुंचाने का अवसर देते हैं। आयोग ने कहा कि शेष दलों से बातचीत की प्रक्रिया जारी है। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले छह महीनों में चुनाव आयोग ने राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के साथ रचनात्मक संवाद की लंबे समय से महसूस की जा रही आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं। आयोग ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ संरचित ढंग से कई दौर की बैठकें आयोजित कीं, ताकि उनके सुझाव और चिंताएं प्रत्यक्ष रूप से सुनी जा सकें। मार्च 2025 में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन में मुख्य




चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा चुनाव आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में इस पहल की रूपरेखा तय की गई थी। इसके बाद पूरे देश में 4,719 बैठकें आयोजित हुई, जिनमें 40 बैठकें सीईओ, 800 बैठकें जिला निर्वाचन अधिकारियों और 3,879 बैठकें निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों द्वारा की गईं। इन संवादों में लगभग 28 हजार प्रतिनिधियों ने भाग लिया।आयोग का कहना है कि यह नई पहल आयोग की उस दृष्टि को मजबूत करती है जिसके अंतर्गत सभी हितधारकों को शामिल करते हुए पारदर्शी, समावेशी और सशक्त निर्वाचन प्रक्रिया विकसित करना है। पूर्व की पद्धति के विपरीत अब ये संवाद केवल राजनीतिक दलों के आग्रह पर नहीं, बल्कि आयोग की पहल पर भी आयोजित हो रहे हैं। इस कदम से चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और विश्वास और अधिक सुदृढ़ होने की संभावना है।

## सिर्फ 20 रुपए में मात्र 3 चीज से बनाएं झटपट मिठाई, बहुत आसान है रेसिपी, मेहमानों को लगेगा एकदम अनोखा डेसर्ट



मलाई पेड़ा सिर्फ तीन चीजों से घर पर आसानी से बनाएं, चांदी वर्क और चेरी से सजाएं, स्वाद और लुक में बाजार जैसी मिठाई मेहमानों को जरूर पसंद आएगी.

अगर आपको कभी अचानक घर पर मेहमान आ जाएं और मिठाई की टेंशन हो, तो यह आसान रेसिपी आपके बहुत काम आएगी. खास बात यह है कि इसमें सिर्फ तीन मुख्य चीजों का इस्तेमाल होता है और स्वाद ऐसा कि हर किसी को लगेगा जैसे मिठाई की दुकान से लाए हों. मलाई पेड़ा एक ऐसी मिठाई है जो हर मौके पर खास स्वाद और लाजवाब खुशबू के साथ खाने वालों का दिल जीत लेती है. यह देखने में जितना सुंदर लगता है, बनाने में भी उतना ही आसान है. आइए जानते हैं इस आसान और सस्ती मिठाई को बनाने का तरीका

पेड़ा बनाने के लिए जरूरी सामग्री

मैदा ङ्क ङ कप

चीनी ङ्क 1 कप

पानी ङ्क ड्ड कप

घी ङ्क द कप

मिल्क पाउडर ङ्क 2 टेबलस्पून

गुलाब एसेंस ङ्क 3-4 ड्रॉप

अगर आप घर पर बाजार जैसा पेड़ा बनाना चाहते हैं तो इसके लिए सबसे जरूरी है. फुल क्रीम दूध, क्योंकि वही पेड़े को सही स्वाद और मलाईदार टेक्सचर देता है. सबसे पहले एक भारी तले वाली कढ़ाई में एक लीटर दूध डालें और मध्यम आंच पर पकने दें. दूध को बीच-बीच में चलाते रहें ताकि नीचे से चिपके नहीं धीरे-धीरे दूध आधा हो जाएगा और गाढ़ा होने लगेगा. इस समय इसमें आधा कप मिल्क पाउडर डालें और अच्छे से मिला लें.

अब जब दूध और मिल्क पाउडर का मिश्रण थोड़ा और गाढ़ा हो जाए तो इसमें दो टेबलस्पून घी डालकर पकाते रहें. घी डालने से पेड़े में हल्की चमक और स्मूदनेस आ जाती है. धीरे-धीरे यह मिश्रण मावा जैसा बनने लगेगा और कढ़ाई छोड़ देगा. जब यह स्टेज आ जाए तो इसमें आधा कप पिसी हुई चीनी और आधा टीस्पून इलायची पाउडर डाल दें. इस समय आंच धीमी रखें और मिश्रण को लगातार चलाते रहें. जैसे ही चीनी घुल जाएगी, मिश्रण और भी स्वादिष्ट और खुशबूदार हो जाएगा.

सूजी के गुलाब जामुन करें ट्राई, मिठाई की दुकान से भी बेस्ट, यहां जानें फटाफट बनाने की ट्रिक

मिश्रण तैयार हो जाने के बाद गैस बंद कर दें और इसे थोड़ा ठंडा होने दें. अब इस मावे को एक चिकनी थाली में डालकर बराबर फैलाएं और लगभग आधा इंच मोटा कर दें. इसे कमरे के तापमान पर 20ङ्क25 मिनट तक जमने दें. जब यह सेट हो जाए तो किसी गोल कुकी कटर या ढक्कन की मदद से गोल आकार के पेड़े काट लें. इसी तरह सारा मिक्सचर इस्तेमाल कर लें.अब सजावट का समय है हर पेड़े पर चांदी का वर्क लगाएं, जिससे यह एकदम प्रोफेशनल और रिच लुक देगा बीच में एक चेरी रखें और ऊपर से कटे हुए पिस्ता के टुकड़े दबा दें यही सजावट पेड़े को आकर्षक बना देती है आपका हलवाई-स्टाइल मलाई पेड़ा तैयार है जब आप इसे प्लेट में सजाकर मेहमानों को परोसेंगे तो यकीन मानिए सब तारीफ किए बिना नहीं रह पाएंगे.

# राहुल की भारत एक खोज पार्ट टू यात्रा से बिहार यात्रा तक की कहानी

तो यात्राएं लगातार दे रही हैं। मगर इससे कई गुना और ज्यादा दे सकती हैं। ये जो मिल रहा है अपने आप। देसी भाषा में कहते हैं अपरस आ रहा है। और अगर सिस्टम हो तो राहुल की मेहनत का पूरा फायदा मिल सकता है। लास्ट। उदाहरण के तौर पर बिहार में सही सीट शेयरिंग। फिर ईमानदारी से टिकट वितरण और आपस में एक दूसरे को हराने पर सख्ती से पाबंदी।राहुल अच्छे यात्री हैं। सफल। मगर दफ्तर में भी कोई होना चाहिए। सब व्यवस्था बनाए रखने के लिए। राहुल का मिज़ाज अभी तक कांग्रेसियों की समझ में आ जाना चाहिए। बहुत मेहनती, लोगों से खुश होकर मिलने वाले। यह तीसरी बड़ी यात्रा है और जिस उत्साह और शौक से कर रहे हैं इसे देखकर लगता है कि अभी बिहार में ही एक और यात्रा कर सकते हैं। चुनाव की घोषणा होने से पहले तक वे पूरा बिहार कवर कर लेंगे।लेकिन इन यात्राओं से जो माहौल बनता है उसे वोट में बदलने के लिए एक अलग व्यवस्था की जरुरत होती है। कांग्रेस उस इलेक्शन मैनेजमेंट व्यवस्था को अब तक बना नहीं सकी है।इसलिए एक सेन्ट्रलाइजड आफिस ( केन्द्रीय कार्यालय) और एक राजनीतिक समझ वाली टीम बहुत जरूरी है। कांग्रेस ने यह सब काम किए। मगर आधे अधूरे तरीके से। एक वार रूम बनाया। बहुत चर्चा में रहा। 15 जीआरजी (गुरुद्वारा रकाबगंज रोड) एक ऐसा नाम जिसके अंदर प्रवेश की हसरत हर कांग्रेसी रखता था। 10 जनपथ जहां सोनिया गांधी रहती हैं जाना आसान था मगर वार रुम सपना।उसके बाद उसी तर्ज पर अपना नया मुख्यालय इंदिरा भवन। जिसके बनने में कांग्रेसियों और जनता ने भी पैसे दिए हैं वहां भी प्रवेश निषेध। अब जहां जनता और कांग्रेस कार्यकर्ता जा सकते हैं उस 24 अकबर रोड के पुराने मुख्यालय में कोई पदाधिकारी नहीं आता। कोई बड़ा नेता नहीं।मल्लिकार्जुन खरगे जब कांग्रेस अध्यक्ष बने थे तो कांग्रेसियों को उम्मीद थी कि वे अकबर रोड मुख्यालय के अपने कमरे में बैठेंगे। मगर वे भी नहीं बैठे। विपक्ष में रहते हुए भी कांग्रेस का कोई नेता जनता या कार्यकर्ता को सुलभ नहीं है। सत्ता में जब थे तब तो सवाल ही नहीं। सोनिया गांधी उस समय कांग्रेस अध्यक्ष थीं। कई बार मंत्रियों और उच्च पदाधिकारियों से कहा कि कार्यकर्ताओं और जनता से मिला करो। मगर किसी ने नहीं सुना।जनता और कार्यकर्ताओं को अब एक ही मौका मिला राहुल की यात्राओं में। यहां वे कुछ समय के लिए मिल सकते हैं। इसी तरह की राहुल से दूसरे जिम्मेदार नेताओं से मिलने की व्यवस्था दिल्ली में, राज्यों के मुख्यालयों में होना चाहिए। और इस सारी व्यवस्था को मानिटर करने के लिए एक जिम्मेदार टीम। जो दिल्ली में एक आफिस में बैठे।अभी आप किसी पदाधिकारी से पूछ लो कि 2004 से अभी तक राहुल ने कितनी यात्राएं



की हैं, उनका क्या फालोअप है तो कोई नहीं बता पाएगा। राहुल 2004 से जब पहली बार सांसद बने थे तब से यात्राएं कर रहे हैं। लोगों से मिल रहे हैं। दलितों के घर गए, किसान मजदूर के घर गए। खाना खाया रात रुके।उनकी मदद की। और यह सब बातें उस समय की हैं जब केन्द्र में उनकी सरकार थी। मगर उस समय भी यह सारी बातें सही तरीके से लोगों के सामने रखी नहीं गईं।राहुल ने पहली अखिल भारतीय यात्रा उसी समय की थी। 2006 से। बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों से लेकर छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से होते हुए कर्नाटक आंध्र के उन वन प्रांतों की जहां चंदन तस्कर वीरप्पन के मरने के बाद भी कई सालों तक भय का वातावरण रहा। हम उस समय ज्यादातर यात्राओं में साथ थे। और भी पत्रकार थे। बहुत कठिन यात्राएं थीं वह। आज भी राहुल के साथ चलना बहुत मुश्किल है। मगर उन दिनों तो वे ज्यादा यंग थे। अभी की यात्राओं में रात को प्रापर रुकते हैं। मगर उन दिनों तो आप कह सकते हैं कि चौबीस घंटे चलते थे। गाड़ी में ही सो लो और सुबह कहीं नहा-धो कर फिर गाड़ी में बैठ जाओ। उस समय हमने लिखा था भारत एक खोज पार्ट टू। वाकई देश को समझने की वे बेमिसाल यात्राएं थीं।2009 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को इसका फायदा मिला। अकेले 200 से ऊपर सीटें जीतीं। सत्ता में आई। 2011 में राहुल ने उत्तर प्रदेश के नोएडा के भट्टा पारसोल में यूपी सरकार द्वारा किसानों की जमीन अधिग्रहित किए जाने के खिलाफ किसान संदेश यात्रा की थी। उस समय यूपी में मायावती की सरकार थी। और वह आखिरी मायावती की सरकार साबित हुई। उसके बाद उनका ग्राफ लगातार गिरता चला गया। और अब लोकसभा में उनके पास एक सीट भी नहीं है। और विधानसभा में केवल एक सीट। और वह भी प्रत्याशी उमाशंकर सिंह के अपने व्यक्तिगत प्रभाव के कारण। बलिया जिले की रसड़ा सामान्य सीट। उमाशंकर सिंह तीसरी बार जीते। सुरक्षित सीटों से सब जगह बसपा हारी। यह राहुल की दूसरी यात्रा का प्रभाव।

भारत जोड़ो यात्रा 2022 जिसने सबसे ज्यादा प्रसिद्धि पाई है उससे पहले भी राहुल कई यात्राएं कर चुके हैं। जैसा दो तो पहले बताईं। भारत एक खोज पार्ट टू और भट्टा पारसोल में किसानों के लिए किसान संदेश यात्रा। उसके बाद 2015 केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा के बाद राहुल वहां पैदल गए। गौरीकुंड से पहाड़ी चढ़ाई। 4 घंटे में 13 किलोमीटर चढ़ गए। साथ के सब लोग या तो बैठ गए या मुख्यमंत्री थे हरीश रावत उन्होंने घोड़ा लिया। ऐसे ही 2018 की उनकी कैलाश मानसरोवर यात्रा रही। पैदल यात्रा। वहां भी 7 घंटे में 34 किलोमीटर। इसी तरह 2021 में पैदल ही चलते हुए उन्होंने वैष्णों देवी के दर्शन किए थे। रास्ते भर लोगों से मिलते बात करते हुए। इससे पहले भी सांसद बनने के साथ ही वे 2005 में भी वैष्णों देवी जा चुके हैं।

तो राहुल के साथ चलना बहुत मुश्किल है। मगर वे जहां जाते हैं। जो करते हैं। कहते हैं उनका फालोअप करना इतना मुश्किल नहीं है। राहुल के बुंदेलखंड दौरे के बाद यूपीए सरकार ने वहां के विकास के लिए 7266 करोड़ रुपए का एक विशेष पैकेज स्वीकृत किया था। जिसमें मध्य प्रदेश वाले हिस्से के लिए 3760 करोड़ और उत्तर प्रदेश के लिए 3506 करोड़ रूपए का प्रावधान था। इसके अलावा 200 करोड़ रुपए और अतिरिक्त की बात थी। मगर उसका कोई ठीक से उपयोग नहीं हुआ। जो राजनीतिक मानिटर करना चाहिए था नहीं हुआ। और सब सरकारी तंत्र की भेंट चढ़ गया।राहुल की आगे की सफलताओं के लिए यह बहुत जरूरी है कि जो निर्णय हों, घोषणाएं हो वे पूरी हों। पार्टी के स्तर से भी इसकी शुरूआत की जा सकती है। और जहां सरकारें हैं वहां से भी।

यह साल कांग्रेस ने संगठन का साल घोषित किया था। पार्टी में सबसे महत्वपूर्ण पद होता है जनरल सैकेटरी का, राज्यों के अध्यक्ष का और डिपार्टमेंटल हेड का। कितने हैं जिन्हें बदलने की कई बार बात हुई। मगर नहीं हटाए। जहां बदले वहां फायदा दिखा। बिहार में सफल यात्रा के पीछे वहां के बदले गए इंचार्ज कृष्णा अल्लावरु की संगठन और प्रबंधकीय क्षमता का बड़ा हाथ है।आज स्थिति यह है कि राहुल, प्रियंका, अध्यक्ष खरगे से मिलने का कोई सिस्टम नहीं है। बड़े नेताओं को भी यहां वहां पूछना पड़ता है। देखिए यात्रा में मिले, किसी कार्यक्रम में मिले, संसद में मिलने से व्यवस्थाएं नहीं चलती हैं। वह तो आफिस में बैठकर बात करने से ही चीजें समझ में आती हैं।

तो यात्राएं राहुल और भी करेंगे। जो भारत जोड़ो यात्रा 2022 की बात कही थी ऊपर वह 4000 किलोमीटर की पैदल थी। कन्याकुमारी से कश्मीर तक। और उसके बाद पूर्व से पश्चिम तक। पिछले साल ही। 2024 में। जो 6600 किलोमीटर से ज्यादा की यात्रा थी और नतीजा तत्काल दिखा। प्रधानमंत्री मोदी जो 400 पार की बात कर रहे थे। 240 पर रुक गए। और कांग्रेस 100 पार कर गई।

तो यात्राएं लगातार दे रही हैं। मगर इससे कई गुना और ज्यादा दे सकती हैं। ये जो मिल रहा है अपने आप। देसी भाषा में कहते हैं अपरस आ रहा है। और अगर सिस्टम हो तो राहुल की मेहनत का पूरा फायदा मिल सकता है। लास्ट। उदाहरण के तौर पर बिहार में सही सीट शेयरिंग। फिर ईमानदारी से टिकट वितरण और आपस में एक दूसरे को हराने पर सख्ती से पाबंदी। साथ ही वोट चोरी पर कड़ी नजर, चुनाव आयोग पर दबाव और कटे हुए नामों को वापस जोड़ने के काम में कोई कोताही नहीं। तब राहुल की मेहनत पूरी वसूल होगी।

संपादकीय

## भगवान भरोसे स्कूल

यह देश की विडंबना ही कही जाएगी कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर सरकारें कामचलाऊ नीतियों के भरोसे ही रहती हैं। एक तरफ देश के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दस लाख स्वीकृत पद खाली पड़े हैं, वहीं देश में अथाह बेरोजगारी बनी हुई है। निस्संदेह, बच्चों की प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा उच्च शिक्षा की बुनियाद होती है, यदि बुनियाद ही कमजोर होगी तो राष्ट्र की इमारत कैसे मजबूत होगी? हाल ही में संसद की शिक्षा, महिला, बाल और खेल मामलों की स्थायी समिति ने खुलासा किया कि देश के शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों के दस लाख पद खाली हैं। विडंबना यह है कि पांच साल पहले भी शिक्षामंत्री ने देश में दस लाख साठ हजार शिक्षकों के पद रिक्त होने की बात कही थी। यह भी जानकारी सामने आयी है कि वर्ष 2019 से इन पदों पर भर्ती हुई ही नहीं है। यानी आधे दशक में हम इस दिशा में कुछ भी करने में नाकाम रहे हैं। विडंबना यह है कि पिछले साल आई एक रिपोर्ट में कहा गया था कि देश में एक लाख ऐसे प्राथमिक विद्यालय हैं जहां एक ही शिक्षक नियुक्त है। सोचा जा सकता है कि एक शिक्षक कैसे सभी कक्षाओं के बच्चों को सारे विषय पढ़ाता होगा? विसंगति यह भी है कि इतने शिक्षकों की कमी के बावजूद सेवारत शिक्षकों को विभिन्न सरकारी अभियानों का जिम्मा भी दिया जाता है। जिसका खमियाजा छात्र की भुगतते हैं। आखिर हम अपनी प्राथमिक शिक्षा की ये कैसी बुनियाद रख रहे हैं?चिंताजनक स्थिति यह है कि सरकारी स्कूलों को समय की जरूरत



के हिसाब से पर्याप्त बजट नहीं मिल पाता। स्कूलों में मूलभूत सुविधाओं का नितांत अभाव रहता है। कोरोना संकट ने सरकारी शिक्षण व्यवस्था की पोल खोली थी कि गिने-चुने स्कूलों में ही कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध थी। एक ओर देश के निजी स्कूलों में एआई और आधुनिक शिक्षण तकनीकों से ज्ञान दिया जा रहा है, वहीं सरकारी स्कूल शिक्षकों के लिये भी तरस रहे हैं। इन स्कूलों के पाठ्यक्रमों को समय की चाल में नहीं ढाला जा सका है। वहीं कौशल विकास की शिक्षा देना तो दूर की कौड़ी है। आखिर हम सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं का कैसा भविष्य बना रहे हैं? क्या वे स्कूल-कालेजों से निकलकर वैश्विक चुनौतियों के साथ कदमताल कर पाएंगे? हम अपने छात्रों को वह आधुनिक ज्ञान नहीं दे पा रहे हैं जो आगे चलकर उन्हें बेहतर जीवनयापन के अवसर दे सके। सही मायनों में हम सरकारी स्कूलों के नाम पर बीमार भविष्य के कारखाने चला रहे हैं। जो कालांतर छोटी-मोटी नौकरी ही पा सकते हैं या फिर बेरोजगारी की अंतहीन शृंखला में खड़े हो जाते हैं।

वहीं सरकारी स्कूलों के पाठ्यक्रम को भी समय की जरूरत के हिसाब से नहीं ढाला जा रहा है। उलटे पाठ्यक्रमों को राजनीतिक दलों की विचारधारा के हिसाब से ढालने का उपक्रम लगातार किया जाता रहा है। निश्चय ही ये स्थितियां इन बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ ही कही जाएंगी। अनुमान लगाना कठिन नहीं है कि हम भारत का कैसा भविष्य तैयार कर रहे हैं।

# संसद के मानसून सत्र ने सत्ताधारी दल की बढ़ती तानाशाही को उजागर किया

**यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद ने विधेयकों पर गहन चर्चा नहीं की। विधेयकों पर सीमित चर्चा हुई और कुछ ही मिनटों में उन्हें पारित कर दिया गया**

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद ने विधेयकों पर गहन चर्चा नहीं की। विधेयकों पर सीमित चर्चा हुई और कुछ ही मिनटों में उन्हें पारित कर दिया गया। लोकसभा में पेश किए गए लगभग 27 प्रतिशत विधेयक समितियों को भेजे गए हैं। किसी भी विधेयक को विभाग-संबंधित स्थायी समितियों को नहीं भेजा गया है। लोकसभा की कार्यवाही का लगभग 50 प्रतिशत समय ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में व्यतीत हुआ।

खहां तक कार्य निष्पादन का सवाल है, 21 अगस्त, 2025 को समाप्त हुए भारतीय संसद के एक महीने लंबे मानसून सत्र को लगभग व्यर्थ ही गया कहा जा सकता है। फिर भी, इसके लक्षण भारत के आगे के बड़े संघर्ष का संकेत दे रहे थे। विपक्ष पूरे सत्र के दौरान संविधान और लोकतंत्र बचाने के लिए लड़ता रहा, जिससे राज्यसभा और लोकसभा दोनों में व्यवधान और बहिर्गमन हुआ, जबकि सत्ताधारी दल ने विपक्ष की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर कुछ विधेयक पेश करने और पारित करने की पूरी कोशिश की, जो अपने आप में लोकतंत्र का मखौल उड़ाना था। इनमें से एक विधेयक प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को हटाने से संबंधित है, जिसमें न्याय का नामोनिशान तक नहीं है, क्योंकि यह बिना आरोप-पत्र के, केवल 30 दिनों की गिरफ्तारी के बाद, उन्हें हटाने का प्रावधान करता है।

इसलिए, मानसून सत्र की किसी भी समीक्षा को न केवल सत्र के परिणामों के आधार पर, बल्कि भारतीय संसद के दोनों सदनों में जिन मुद्दों पर बहस हुई और जिन मुद्दों को सत्ताधारी दल ने पारित कराने की पूरी कोशिश की, जिनमें कई विवादास्पद विधेयक भी शामिल थे, के आधार पर भी किया जाना चाहिए। सत्तारूढ़ एनडीए ने उन मुद्दों पर चर्चा नहीं होने दी जिन पर विपक्ष चर्चा करना चाहता था, ऑपरेशन सिंदूर को छोड़कर, जिस पर सरकार ने विपक्षी दलों के कड़े संघर्ष के बाद चर्चा के लिए सहमति जताई थी। व्यवधान के कारण, लोकसभा अपने निर्धारित समय के केवल 29 प्रतिशत में ही कार्य कर पाई, जबकि राज्यसभा ने केवल 34 प्रतिशत समय का उपयोग किया। प्रश्नकाल लोकसभा में निर्धारित समय का 23 प्रतिशत और राज्यसभा में 6 प्रतिशत ही चला।

यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद ने विधेयकों पर गहन चर्चा नहीं की। विधेयकों पर सीमित चर्चा हुई और कुछ ही मिनटों में उन्हें पारित कर दिया गया। लोकसभा में पेश किए गए लगभग 27 प्रतिशत विधेयक समितियों को भेजे गए हैं। किसी भी विधेयक को विभाग-संबंधित स्थायी समितियों को नहीं भेजा गया है। लोकसभा की कार्यवाही का लगभग 50 प्रतिशत समय ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में व्यतीत हुआ। दोनों सदनों में कोई भी निजी प्रस्तावों पर कार्य नहीं हुआ। सत्ताधारी दल लोकसभा की कार्यवाही के सुचारू संचालन के प्रति कितना गंभीर है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि जून 2019 से लोकसभा में कोई उपाध्यक्ष नहीं है।

**बांध विरोध के चालीस साल**

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर विपक्ष के विरोध और पहलगाम हमले तथा उसके बाद के घटनाक्रम, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर और भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने में भूमिका निभाने के बार-बार दावे शामिल हैं, पर हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित हुई। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला ने सदन की उत्पादकता में आई कमी पर निराशा व्यक्त की। केंद्र सरकार द्वारा एसआईआर पर चर्चा की अनुमति देने से इनकार करने के कारण ही दोनों सदनों में दैनिक आधार पर व्यवधान उत्पन्न हुआ है। ओम बिडला ने केवल विपक्ष को दोषी ठहराया और इसे %संगठित व्यवधान% करार दिया।जब %सरदार सरोवर% को %नवागाम बांध% कहा जाता था!

सत्र के पहले ही दिन, राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को इस्तीफा देना पड़ा, जो सत्ताधारी दल द्वारा उन पर थोपा गया था, क्योंकि उन्होंने एक न्यायाधीश को हटाने के विपक्ष के प्रस्ताव को विचारार्थ स्वीकार कर लिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उपराष्ट्रपति के इस कदम को स्वीकार नहीं कर सकी और उन्हें पर्याप्त संकेत दिए गए थे-या तो इस्तीफा दें या महाभियोग का सामना करें। किसानों के मुद्दे सहित कई मुद्दों पर सरकार की आलोचना करने वाले धनखड़ को इस्तीफा देना पड़ा। फिर भी, न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा (वर्तमान में इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश) पर सत्तारूढ़ दल द्वारा महाभियोग चलाने का प्रस्ताव लोकसभा अध्यक्ष द्वारा स्वीकार कर लिया गया। इस मुद्दे की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति का गठन किया



गया है।एसआईआर के मुद्दे पर विपक्ष संसद के अंदर और बाहर दोनों जगह आक्रामक दिखा। उनके लिए यह सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा था क्योंकि जिस तरह से भारत का चुनाव आयोग इसे संचालित कर रहा था, उससे ऐसा लग रहा था कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के साथ गठबंधन कर रहा है। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दिखाया था कि कैसे चुनाव आयोग ने मतदाता सूची में हेराफेरी में मोदी सरकार के साथ मिलीभगत की और 2024 के लोकसभा चुनाव और उसके बाद हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली के विधानसभा चुनावों के दौरान %वोट चोरी% का आरोप लगाया।यह आरोप लगाया गया था कि चुनाव आयोग ने बड़ी संख्या में फर्जी मतदाताओं को अनुमति दी, जिन्होंने भाजपा के पक्ष में संतुलन बनाया, जिसका सीधा लाभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मिला। आगामी बिहार चुनाव में, चुनाव आयोग ने ऐसे प्रावधान लागू किए जिनसे बड़ी संख्या में मतदाताओं के नाम हटाने का खतरा पैदा हो गया, कथित तौर पर भाजपा को चुनाव जीतने में मदद करने के लिए। इसके बाद चुनाव आयोग ने देश भर में एसआईआर कराने का इरादा जताया, जिससे विपक्षी सभी राजनीतिक दल चिंतित हो गए। कोई आश्चर्य नहीं कि एसआईआर मुद्दे ने इंडिया गठबंधन को मजबूती से एकजुट कर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग के कथित अपवित्र गठबंधन को हराने के लिए खुद को प्रतिबद्ध किया है, और संसद में विरोध प्रदर्शन कर रोजाना व्यवधान पैदा किया है।

सत्तारूढ़ प्रतिष्ठान इसके बाद एक आश्चर्यजनक विधेयक लेकर आई-संविधान 130वां संशोधन विधेयक, 2025, जिसने विपक्षी एकता को और भी मज़बूत कर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 20 अगस्त को दो अन्य विधेयकों के साथ इस विधेयक को पेश किया, जिन्हें अंततः सदन में हंगामे के बीच संयुक्त संसदीय समितियों को भेज दिया गया। संविधान 130वां संशोधन विधेयक, 2025, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्रियों और केंद्रीय मंत्रियों- को गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिनों तक गिरफ्तार और हिरासत में रखने पर स्वतः हटाने का प्रस्ताव करता है।

विपक्ष इसे अपने अस्तित्व के लिए खतरा और देश में संविधान और लोकतंत्र पर एक और हमला मानता है। वे पहले से ही आरोप लगाते रहे हैं कि मोदी सरकार विपक्षी नेताओं को कठोर कानूनों के तहत आपराधिक मामलों में फंसा रही है और उनके खिलाफ सीबीआई, ईडी, एनआईए, आयकर विभाग जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों को लगा रही है। उनमें से कई को बिना मुकदमे और आरोपपत्र के गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया।

इंडिया ब्लॉक पार्टियों ने आरोप लगाया कि इस तरह के विधेयक का पेश होना दर्शाता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार न्याय, लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के लिए खतरा पैदा करने वाली एक तानाशाही सरकार की स्थापना की ओर काम कर रही है। साथ ही, उन्होंने आने वाले महीनों में संसद के अंदर और बाहर, इन मूल्यों को बचाने के लिए और भी ज़ोरदार लड़ाई लड़ने का संकल्प लिया है। उन्होंने उपराष्ट्रपति पद के लिए बालकृष्ण सुदर्शन रेड्डी को मैदान में उतारकर अपनी बात रखी है, जो उनके अनुसार संवैधानिक मूल्यों और लोकतंत्र के प्रतीक हैं।

## व्हाइट हाउस में ट्रंप ने दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यंग का किया स्वागत, व्यापार व रक्षा पर चर्चा

**एजेंसी**
**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दक्षिण कोरिया के नए राष्ट्रपति ली जे म्यंग का स्वागत किया। दोनों नेताओं के बीच व्यापार और रक्षा सहयोग को लेकर अहम वार्ता हुई। बैठक से कुछ घंटे पहले ट्रंप ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दावा किया कि दक्षिण कोरिया में पर्ज या क्रांति हो रही है और चेतावनी दी कि वे सियोल के साथ व्यापार नहीं करेंगे। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं हो पाया कि ट्रंप का संकेत किस ओर था। दक्षिण कोरिया पिछले कई महीनों से राजनीतिक उथल-पुथल का सामना कर रहा है। पूर्व राष्ट्रपति यून सुक योल को पिछले दिसंबर मार्शल लॉ लगाने के बाद पद से हटा दिया गया था, जिसके बाद देश में सत्ता परिवर्तन हुआ। इस मुलाकात से पहले उम्मीद जताई जा रही थी कि दोनों नेता जुलाई में हुए व्यापार समझौते के विवरण को स्पष्ट करेंगे। इस डील के तहत सियोल ने अमेरिका में सैकड़ों अरब डॉलर के निवेश का वादा किया था। समझौते के अनुसार दक्षिण कोरियाई वस्तुओं पर 15फीसदी टैरिफ तय किया गया, जबकि ट्रंप ने पहले 25फीसदी तक शुल्क लगाने की धमकी दी थी।

## यूके के आइल ऑफ वाइट में हेलीकॉप्टर क्रैश, तीन की मौत, एक गंभीर घायल

**लंदन।** ब्रिटेन के आइल ऑफ वाइट में एक फ्लाइंग लेसन के दौरान हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ। हादसा समुद्र किनारे बसे शहर वेंटनर के पास एक खेत में हुआ। हैम्शायर और आइल ऑफ वाइट पुलिस ने बताया कि अभी तक मृतकों और घायलों की पहचान उजागर नहीं की गई है। पुलिस ने हादसे के कारणों पर टिप्पणी करने से भी इनकार किया। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, यह हेलीकॉप्टर नॉर्थम्ब्रिया हेलीकॉप्टर कंपनी का था और ल-हृष्टरङ्क मॉडल का इस्तेमाल किया जा रहा था। हादसा फ्लाइंग लेसन के दौरान हुआ। हादसे की सूचना मिलते ही हैम्शायर और आइल ऑफ वाइट एयर एम्बुलेंस ने एक क्रिटिकल केयर टीम भेजी, जिसमें डॉक्टर और स्पेशलिस्ट पैरामेडिक शामिल थे। एयर एम्बुलेंस सेवा के प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति को गंभीर हालत में अस्पताल एयरलिफ्ट किया गया है।

## सीरिया का आरोप- इजराइल ने माउंट हर्मोन के आसपास का इलाका कब्जाया, 60 सैनिक तैनात


**काहिरा।** सीरिया ने आरोप लगाया कि इजराइल ने उसकी सीमा के भीतर माउंट हर्मोन के आसपास के एक क्षेत्र पर कब्जा कर लिया है और वहां 60 सैनिक तैनात कर दिए हैं। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने इसे संप्रभुता का उल्लंघन और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक यह घटना दक्षिणी सीरिया के बेत जीन के पास हुई, जो लेबनान की सीमा के नजदीक है। इजराइल ने वहां छह सीरियाई नागरिकों को भी गिरफ्तार किया, स्थानीय निवासियों ने यह जानकारी दी। यह इलाका लंबे समय से हिज्बुल्लाह और फिलिस्तीनी उग्रवादी गुटों द्वारा हथियारों की तस्करी के लिए कुख्यात रहा है। अब तक इजराइल की ज्यादातर घुसपैठ दक्षिणी कुनैतिरा प्रांत तक सीमित रही थी। सीरियाई विदेश मंत्रालय ने कहा, यह खतरनाक कदम क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा के लिए सीधा खतरा है। इस आरोप के बीच, दोनों देशों के बीच अमेरिका की मध्यस्थता में दक्षिणी सीरिया में तनाव कम करने पर बातचीत जारी है। सीरिया उम्मीद कर रहा है कि इन वार्ताओं से सुरक्षा समझौता होगा, जो आगे चलकर राजनीतिक बातचीत का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। दूसरी ओर, इजराइल ने इस पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, इजराइली सेना ने बीते दिन रविवार को एक वीडियो साझा किया था, जिसमें दावा किया गया था कि पिछले हफ्ते दक्षिणी सीरिया में हथियारों के भंडार का पता लगाया गया।

## पेरिस में सीन नदी से चार शव बरामद, पुलिस ने संदिग्ध को हिरासत में लिया

**पेरिस।** फ्रांस की पुलिस ने पेरिस के बाहरी इलाके में सीन नदी से चार पुरुषों के शव मिलने के बाद एक संदिग्ध को हत्या के आरोप में हिरासत में लिया है। स्थानीय अभियोजन कार्यालय ने रविवार को इसकी पुष्टि की। जानकारी के अनुसार 13 अगस्त को शव चोइजी-ले-रॉय क्षेत्र में मिले थे, जो समलैंगिक मुलाकातों के लिए जाना जाता है। यह क्षेत्र पेरिस के दक्षिण-पूर्वी उपनगरों में स्थित है। अभियोजन कार्यालय के अनुसार, गिरफ्तार व्यक्ति बेघर है और अक्सर उसी इलाके में देखा गया है जहां शव मिले थे। पीड़ितों में से दो बेघर थे और वे अल्जीरिया और ट्यूनीशिया के नागरिक थे। तीसरा पीड़ित 21 वर्षीय अल्जीरियाई युवक था जो पास में रहता था, जबकि चौथा एक 48 वर्षीय फ्रांसीसी नागरिक था। संदिग्ध के वकील एंटोनी ओरी ने कहा कि कानूनी कारणों से उनके मुवक्किल का नाम उजागर नहीं किया जा सकता। उसे पिछले हफ्ते गिरफ्तार किया गया था और 24 अगस्त को हत्या के संदेह में न्यायाधीश के सामने पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने आरोपित पर आरोप तय करने और उसे सुरक्षा हिरासत में रखने की सिफारिश की है।

## ऑस्ट्रेलिया ने ईरान से तोड़े संबंध, राजदूत को निष्कासित किया, तेहरान में दूतावास बंद करने की घोषणा

**एजेंसी**
**कैनबरा (ऑस्ट्रेलिया)।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने ईरान से राजनयिक संबंध तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ईरान सरकार ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी समुदाय पर कम से कम दो हमले करवाए। यह हमले मेलबर्न स्थित एडास इजराइल सिनेगॉग और सिडनी स्थित लुईस कॉन्टिनेंटल किचन पर हुए थे। अल्बानीज ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया में ईरानी राजदूत को निष्कासित कर दिया गया है। साथ ही ऑस्ट्रेलिया ने तेहरान में अपना दूतावास बंद कर दिया है। अल्बानीज ने यह घोषणा मंगलवार दोपहर संसद भवन में संवाददाता सम्मेलन में की। ऑस्ट्रेलिया के समाचार पत्र %द एज% की खबर के अनुसार, संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री के साथ ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठन (एएसआईओ) प्रमुख माइक बर्गेस, विदेशमंत्री पेनी वोंग और गृहमंत्री टोनी बर्क मौजूद रहे।



प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज ने कहा कि तेहरान में तैनात अपने राजनयिकों को अन्य देशों में भेज दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया सरकार अब ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए कानून बनाएगी। उन्होंने कहा कि लुईस कॉन्टिनेंटल किचन और एडास इजराइल सिनेगॉग को पिछले साल क्रमशः अक्टूबर और दिसंबर में निशाना बनाया गया था। इस दौरान आग लगने से सिनेगॉग और किचन दोनों को काफी नुकसान पहुंचा था। सौभाग्य से हमलों में कोई हताहत नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि संभवतः ईरान ने और भी हमले किए होंगे। एएसआईओ प्रमुख माइक बर्गेस ने कहा कि ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर यहूदी विरोधी हमलों में अपनी संलिप्तता छुपाने की कोशिश भी की। बर्गेस ने कहा, हमने दर्जनों घटनाओं की जांच की है। हमारा आकलन यह है कि ईरानी सरकार ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी हितों पर कम से कम दो हमले किए। विदेशमंत्री पेनी वोंग ने कहा कि ईरानी राजनयिकों के पास देश छोड़ने के लिए सात दिन का समय होगा। उन्होंने कहा कि द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यह पहली बार है जब किसी राजदूत को ऑस्ट्रेलिया से निष्कासित किया गया है। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की धरती पर यह किसी विदेशी राष्ट्र की आक्रामकता की सीमा पार करना है। इसीलिए ऑस्ट्रेलिया में ईरान के राजदूत को अवांछित व्यक्ति घोषित कर दिया है। वोंग ने कहा कि ईरान ने ऐसा करके ऑस्ट्रेलियाई समुदाय को विभाजित करने की कोशिश की है। गृहमंत्री टोनी बर्क ने घोषणा की कि ईरान ने ऑस्ट्रेलिया में यहूदी हितों पर हमले करवाकर यहूदी-विरोधी भावना से प्रेरित होकर काम किया। सरकार इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प को आतंकवादी संगठन घोषित करने के लिए आपराधिक संहिता के तहत एक नई व्यवस्था लागू करेगी। बर्क ने कहा, यह हमारे समाज पर एक अभूतपूर्व हमला है।

## पाकिस्तान के सैनिक तीन बलोच युवकों को उठा ले गए

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद (पाकिस्तान)।** पाकिस्तान के सैनिक कराची और बलूचिस्तान के केच जिले में अलग-अलग घटनाओं में कम से कम तीन युवकों को कथित तौर पर उठा ले गए। मुल्ला बख्श के बेटे दाद करीम और वाहिद बख्श के बेटे शोएब अहमद को 24 अगस्त को कराची के मलीर इलाके से उठाया गया। दोनों एक ही परिवार के हैं और मूल रूप से केच जिले के गेबुन के रहने वाले हैं। उस्मान मकबूल को भी कथित तौर पर सुरक्षा बल उठा ले गए हैं। द बलोचिस्तान पोस्ट की स्थानीय सूत्रों के हवाले से प्रसारित खबर में कहा गया है कि उस्मान मकबूल को इससे पहले 2019 में भी सेना के जवान उठा ले गए थे। लंबी जद्दोजहद के बाद उसे 2021 में छोड़ा गया। सुरक्षा बलों ने रविवार शाम ग्वादर के कुलदान और गुब्द इलाकों में पांच लोगों को हिरासत में लिया। इसके बाद पांचों को पीटते हुए फ्रंटियर कोर के तीन वाहनों से कहीं ले जाया गया। इनमें से तीन की पहचान सिराज पुत्र पीर मोहम्मद, वसीम पुत्र लाल मोहम्मद और वहीद पुत्र मुराद के रूप में हुई है। बाकी दो की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। बताया गया है कि 23 अगस्त को भी ऐसी ही वारदात मालिर के सादिक गांव में हुई है। सेना और पुलिस के जवान 26 वर्षीय सादिक मुराद को उठा ले गए हैं। परिवार ने कराची प्रेस क्लब में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। मानवाधिकार समूह अक्सर पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों पर इसमें शामिल होने का आरोप लगाते रहे हैं। संघीय अधिकारी ऐसे आरोपों को सिरे से खारिज करते हैं।

## पाकिस्तान में विवादास्पद धार्मिक विद्वान इंजीनियर मिर्जा गिरफ्तार

**एजेंसी**
**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के धार्मिक विद्वान इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा को आज पंजाब प्रांत के झेलम शहर में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनकी गिरफ्तारी लोक व्यवस्था बनाए रखने (3 एमपीओ) की धारा 3 के तहत की गई है।

द नेशन अखबार की खबर के अनुसार मौलवी मोहम्मद अली मिर्जा को झेलम के उपायुक्त के आदेश पर सिटी पुलिस स्टेशन के अधिकारियों ने हिरासत में लिया और बाद में जेल भेज दिया। गिरफ्तारी के बाद अधिकारियों ने उनकी अकादमी भी सील कर दी। यह कार्रवाई धार्मिक समूहों की औपचारिक शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद की गई। इससे पहले मौलवियों के प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मुलाकात कर इंजीनियर मिर्जा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। इंजीनियर मोहम्मद अली मिर्जा के यू-ट्यूब चैनल पर 31 लाख सब्सक्राइबर हैं। वह धार्मिक मुद्दों पर ऑनलाइन व्याख्यान देने के लिए जाने जाते हैं। उनकी बेबाक शैली अकसर विवादों में रही है। इससे पहले मई



2020 में झेलम पुलिस ने एक विवादास्पद व्याख्यान के सिलसिले में उन्हें हिरासत में लिया था। मार्च 2021 में मिर्जा पर जानलेवा हमला भी हो चुका है।

डान अखबार के अनुसार झेलम पुलिस ने बताया कि मौलवी इंजीनियर मिर्जा को 30 दिनों के लिए हिरासत में लिया गया है। मिर्जा उन 17 मौलवियों में शामिल हैं, जिनके भाषणों पर पिछले साल मुहर्रम के दौरान झेलम के डिप्टी कमिश्नर ने प्रतिबंध लगा दिया था।

## ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में वारंट तामील कराने गई पुलिस पर हमला, दो अधिकारियों की मौत

**एजेंसी**
**मेलबर्न (विक्टोरिया)।** ऑस्ट्रेलिया के विक्टोरिया राज्य में मंगलवार सुबह वारंट तामील कराने गई पुलिस पर घात लगाकर किए गए हमले दो पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। इस गोलीबारी में एक पुलिस अधिकारी घायल भी हुआ है। द एज अखबार की खबर के अनुसार यह खूनखराबा मेलबर्न से लगभग 300 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और ब्राइट से सात किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित पोरेपुंका के ग्रामीण इलाके में आज सुबह लगभग 10-30 बजे हुआ। हमलावर बंदूकधारी फरार हैं। विक्टोरिया पुलिस ने बताया कि 10 अधिकारी एक वारंट की तामील कराने गए थे। उन पर घात लगाकर हमला किया गया। घायल अधिकारी की हालत गंभीर है। विक्टोरिया पुलिस के अनुसार इस दौरान हमलावर दो पुलिस अधिकारियों के हथियार भी छीन ले गए। पुलिस ने पोरपुंका के स्थानीय लोगों को अपने घरों के अंदर रहने की सलाह दी है। सारे इलाके को घेर लिया गया है। स्थानीय लोगों ने बताया है कि इलाके



में भारी पुलिस बल मौजूद है। हमलावरों की तलाश में हथियारों से लैस हेलीकॉप्टरों को लगाया गया है।मेलबर्न से दो पैरामेडिक विमानों ने इलाके के लिए उड़ान भरी है। पुलिस इस गोलीबारी के संबंध में शाम 6 बजे वांगारट्टा में प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगी। विक्टोरिया पुलिस आयुक्त माइक बुश ने दो पुलिस अधिकारियों की हत्या पर शोक व्यक्त किया है।

## ट्रंप ने फेडरल रिजर्व बोर्ड की गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त किया

**एजेंसी**
**वाशिंगटन (अमेरिका)।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की कि उन्होंने फेडरल रिजर्व बोर्ड की गवर्नर लिसा कुक को बर्खास्त कर दिया है। इसे अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दरों में कटौती से इनकार करने पर उसकी स्वतंत्रता पर हमलों का अभूतपूर्व कदम माना जा रहा है। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर पोस्ट बर्खास्तगी पत्र में फेडरल हाउसिंग फाइनेंस एजेंसी के निदेशक बिल पुल्टे के आरोपों का हवाला दिया कि लिसा कुक ने गृह ऋण के आवेदनों में झूठे बयान दिए। सीएनबीसी की खबर में इस घटनाक्रम पर विस्तार से चर्चा की गई है। बताया गया है कि यह पत्र न्याय विभाग के पुल्टे के दावे के कारण कुक की जांच करने की बात कहने के चार दिन बाद आया है। कुक ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने मुझे 'कारण बताकर' बर्खास्त करने का दावा किया है, जबकि कानून के तहत कोई कारण मौजूद नहीं है और उनके पास ऐसा



करने का कोई अधिकार नहीं है। फेडरल रिजर्व गवर्नर के रूप में सेवा करने वाली पहली अश्वेत महिला कुक ने कहा, मैं इस्तीफा नहीं दूंगी। मैं 2022 से अमेरिकी अर्थव्यवस्था की मदद के लिए अपने कर्तव्यों का पालन कर रही हूं। सनद रहे कुक की नियुक्ति पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने की थी। उन्होंने अदालत में अपना प्रतिनिधित्व करने के लिए हाई प्रोफाइल वकील एब्बे लोवेल को नियुक्त किया है। वकील लोवेल ने एक बयान में कहा, राष्ट्रपति ट्रंप ने एक बार फिर %हमला% करने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया है और एक बार फिर उनकी धमकाने की प्रतिक्रिया दोषपूर्ण है और उनकी मांगों में किसी भी उचित प्रक्रिया, आधार या कानूनी अधिकार का अभाव है। लोवेल ने कहा, हम राष्ट्रपति की अवैध कार्रवाई को रोकने के लिए हर जरूरी कदम उठाएंगे। फेडरल रिजर्व के प्रवक्ता ने ट्रंप के पत्र पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। जानकार कहते हैं कि उच्चतम न्यायालय अंततः इस पर फैसला सुना सकता है कि उनकी बर्खास्तगी वैध है या नहीं। यदि यह निर्णय बरकरार रहता है तो ट्रंप फेड बोर्ड का नये सिरे से गठन कर सकते हैं। सीनेटर एलिजाबेथ वॉरेन (डेमोक्रेटिक-मैसाचुसेट्स) ने सोमवार रात एक बयान में कहा, लिसा कुक को बर्खास्त करने का अवैध प्रयास एक हताश राष्ट्रपति का अमेरिकियों के लिए लागत कम करने में अपनी विफलता को छुपाने के लिए बलि का बकरा ढूंढने का नवीनतम उदाहरण है।

## बांग्लादेश मूल के शरीफुल अमेरिकी वायु सेना में ब्रिगेडियर जनरल बने

**एजेंसी**
**ढाका (बांग्लादेश)।** ढाका स्थित अमेरिकी दूतावास ने आज फेसबुक पोस्ट में घोषणा की कि शरीफुल एम खान को ब्रिगेडियर जनरल के पद पर पदोन्नत किया गया है। वह अमेरिकी वायुसेना में यह पद हासिल करने वाले पहले बांग्लादेशी-अमेरिकी हैं। पोस्ट में लिखा गया है, ब्रिगेडियर जनरल शरीफुल एम खान को बधाई। वह अमेरिकी उत्कृष्टता के उदाहरण और बांग्लादेशी-अमेरिकी समुदाय के लिए एक पथप्रदर्शक हैं।

द डेली स्टार अखबार की खबर के अनुसार, ढाका स्थित अमेरिकी दूतावास ने यह भी लिखा, अमेरिकी वायु सेना में यह पद हासिल करने वाले पहले बांग्लादेशी-अमेरिकी के रूप में ब्रिगेडियर जनरल खान मातृभूमि की रक्षा और अमेरिकी सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए समर्पण और सेवा के मूल्यों के प्रतीक हैं। ब्रिगेडियर जनरल खान वर्तमान में वर्जीनिया के अर्लिंग्टन स्थित पेंटागन में गोल्डन डोम फॉर अमेरिका के स्टाफ निदेशक के रूप



में कार्यरत हैं। 1997 में संयुक्त राज्य वायु सेना अकादमी से कमीशन प्राप्त ब्रिगेडियर जनरल खान को राष्ट्रीय टोही कार्यालय के साथ अंतरिक्ष नियंत्रण, प्रक्षेपण और उपग्रह संचालन का परिचालन अनुभव है।

## किम जोंग उन से मेरे संबंध अच्छे, फिर से मिलना चाहूंगा : डोनाल्ड ट्रंप

**एजेंसी**
**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अंतरराष्ट्रीय राजनीति में अपनी सक्रियता को लेकर इन दिनों बेहद चर्चा में हैं। बीते 15 अगस्त को उन्होंने रूस के राष्ट्रपति से मुलाकात की थी। अब ट्रंप ने उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन से इस साल के अंत तक मिलने की उम्मीद जताई है। सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने व्हाइट हाउस में दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली जे-म्यांग से मुलाकात की थी। इस मुलाकात की शुरुआत में उन्होंने उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग उन का जिक्र किया था। ट्रंप ने कहा था कि किम के साथ उनके रिश्ते अच्छे हैं और वह उनसे फिर से मिलने के उत्सुक हैं। ट्रंप ने कहा, मेरे उनके साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। मुझे लगता है कि उनके देश में अपार संभावनाएं हैं। ट्रंप पूर्व में भी किम जोंग उन से तीन बार मुलाकात कर चुके हैं। अपने पिछले राष्ट्रपति



कार्यकाल के दौरान ट्रंप उत्तर कोरियाई राष्ट्रपति से तीन बार मिले थे। ट्रंप और किम की पहली मुलाकात जून 2018 में सिंगापुर में हुई थी। फरवरी 2019 में दोनों वियतनाम के हनोई में दूसरी बार मिले थे। वहीं, दोनों नेताओं की तीसरी मुलाकात जून 2019 में अंतर-कोरियाई सीमावर्ती गांव पनमुनजोम में हुई थी। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति ली ने भी ट्रंप की कूटनीति की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, मुझे उम्मीद है कि आप कोरियाई प्रायद्वीप में शांति ला पाएंगे। ली ने कहा अगर ट्रंप राष्ट्रपति पद पर बने रहते तो किम अपनी परमाणु क्षमताओं को आगे नहीं बढ़ा पाते।बता दें कि उत्तर और दक्षिण कोरिया के रिश्ते सामान्य नहीं हैं। डोनाल्ड ट्रंप ने बीते 15 अगस्त को अलास्का में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध को समाप्त करवाने के उद्देश्य से मुलाकात की थी। ट्रंप कई इजरायल और ईरान युद्ध को भी रुकवाने में अपनी भूमिका का दावा करते रहे हैं। ऐसे में दक्षिण कोरियाई राष्ट्रपति को उम्मीद है कि ट्रंप उत्तर कोरिया के साथ उनके रिश्ते को सहज और बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

## नेपाल में इंदिरा राना के खिलाफ सीआईबी ने शुरू की जांच

**एजेंसी**
**काठमांडू।** नेपाल की प्रतिनिधि सभा की डिप्टी स्पीकर इंदिरा राना मगर से संबंधित गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) की गतिविधियों के खिलाफ केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीआईबी) ने जांच शुरू कर दी है।सीआईबी के प्रमुख एआईजी कुबेर खापुंग के मुताबिक इंदिरा राना के एनजीओ की गतिविधियों की जांच की जा रही है। अनाथ बच्चों के लिए काम करने वाले इंदिरा राना के एनजीओ पर आरोप है कि उसने नियमों के खिलाफ जा कर बच्चों को विदेश भेजा। यह मामला करीब पांच वर्ष पहले का है जब इंदिरा राना के एनजीओ ने बच्चों के लिए सरकारी संस्था बाल संगठन से कई बच्चों के पालन पोषण के लिए कानूनी रूप से कस्टडी लिया था और अब उनका नेपाल में कोई अता पता नहीं है। उनपर आरोप है कि उन्होंने इन बच्चों को गैरकानूनी तरीके से विदेश भेज दिया।इससे पहले डिप्टी स्पीकर इंदिरा राना पर अपने लेटरपैड का दुरुपयोग कर दर्जनों लोगों को अमेरिका का वीजा दिलाने की सिफारिश करने का आरोप लगा था। इस आरोप के बाद उनके खिलाफ महाभियोग चलाने के लिए सत्तारूढ़ दल के सांसदों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया था, लेकिन महाभियोग प्रस्ताव पारित कराने के लिए आवश्यक दो तिहाई संख्या नहीं होने के कारण यह प्रस्ताव



आगे नहीं बढ़ सका।उनके खिलाफ लगातार दूसरी बार महाभियोग प्रस्ताव लाने की तैयारी थी। इस बार भी सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों और अन्य छोटे दलों के सांसदों का हस्ताक्षर करवाया जा रहा था, लेकिन दलों में सहमति न बन पाने के कारण सरकार को बैकफुट पर आना पड़ा।

## नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री लामिछाने ने दायर की जमानत याचिका

**एजेंसी**
**काठमांडू।** नेपाल के पूर्व उपप्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री रवि लामिछाने ने अपनी जमानत के लिए एक बार फिर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है। उन्होंने रूपंदेही जिला न्यायालय के उस आदेश को चुनौती देते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है जिसमें उन्हें जमानत पर रिहा करने से इनकार किया गया था। 11 अगस्त को न्यायाधीश नारायण प्रसाद सपकोटा की अध्यक्षता में रूपंदेही जिला न्यायालय ने 27.48 मिलियन रुपये की जमानत राशि जमा करने के बावजूद बैंक गारंटी पर रिहा किए जाने के लामिछाने के अनुरोध को खारिज कर दिया। न्यायालय के सूचना अधिकारी राम बहादुर कुंवर के अनुसार, लामिछाने की याचिका दायर की गयी। चूंकि मंगलवार को सार्वजनिक अवकाश है, इसलिए सुनवाई बुधवार को होने की संभावना है। वर्तमान में काठमांडू जेल में हिरासत में रखे गए लामिछाने पर करोड़ों रुपये के घोटाले का आरोप है। उन पर कई सहकारी संस्थानों से बचत के गबन में एक प्रमुख योजनाकार होने का आरोप लगाया गया है, जिसमें से अधिकांश पैसा कथित तौर पर गैलेक्सी टेलीविजन के ऑपरेटर गोरखा मीडिया नेटवर्क में निवेश किया गया है।

## बलोच लिबरेशन आर्मी के 'ऑपरेशन हेरोफ' की वर्षगांठ पर बलोचिस्तान में झड़पें, पाकिस्तान के सैनिकों के मारे जाने का दावा

**एजेंसी**
**क्वेटा।** बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के 'ऑपरेशन हेरोफ' की पहली वर्षगांठ पर बलोचिस्तान के कई जिलों में सशस्त्र झड़पें हुई हैं। राजमार्गों की नाकेबंदी और कड़े प्रतिबंध लगाए गए। मस्तुंग जिले में आमच बांध के पास पाकिस्तान की सेना और बलोच लड़ाकों के बीच भीषण झड़पें हुईं। स्थानीय सूत्रों ने दावा किया कि कई सैनिक मारे गए और अनेक घायल हो गए। हेलीकॉप्टरों को शवों और घायल कर्मियों को क्वेटा ले जाते देखा गया। इलाके में अतिरिक्त सैनिकों को तैनात किया गया है। द बलोचिस्तान पोस्ट ने सूत्रों के हवाले आज प्रसारित अपनी खबर में यह जानकारी दी। बताया गया कि बलोच लड़ाकों ने सोमवार रात क्वेटा के पास मस्तुंग के दश्त इलाके में चौकियां स्थापित कीं। इससे पहले दिन में हथियारबंद लोगों ने मस्तुंग जिले के कडकोचा में नाकाबंदी की। इस कारण कई घंटों तक यातायात बाधित रहा। केच जिले के कलातुक इलाके में लड़ाकों ने मुख्य राजमार्ग पर एक चौकी स्थापित की। इस दौरान लेवी के जवानों को कुछ देर के लिए हिरासत में रखा गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि रिहा होने से पहले उनके हथियार छीन लिए गए। हथियारबंद लोग कई घंटों तक सड़क पर वाहनों की तलाशी लेते रहे। इस बीच, सिबी के मिथरी इलाके में एक सुरक्षा चौकी पर हमला हुआ। तुरबत शहर में नाकाबंदी कर रहे पाकिस्तान के बलों को निशाना बनाकर एक ग्रेनेड विस्फोट किया गया। स्थानीय सूत्रों ने बताया कि कम से कम दो जवान मारे गए या घायल हुए।इस बीच, पाकिस्तान ने बलोचिस्तान में सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं और कुछ प्रतिबंध लगाए हैं। पाकिस्तान रेलवे ने पुष्टि की है कि क्वेटा और पेशावर के बीच जफर एक्सप्रेस का संचालन दो दिनों के लिए रोक दिया गया है। यह ट्रेन आज भी क्वेटा से पेशावर नहीं



जाएगी। बसीमा में रात 10:00 बजे से सुबह 5:00 बजे तक ग्रीन चौक और दुरोग के बीच सभी प्रकार की आवाजाही रोक दी गई। केच के नसीराबाद इलाके में बाजार कई दिनों से बंद हैं। 10 अगस्त को सहायक आयुक्त अफजल बाकी और उनके बेटे के अपहरण के बाद से जियारत में एक हफ्ते से भी अधिक समय से कर्फ्यू जैसे प्रतिबंध लगे हुए हैं। दुकानें, स्कूल और कॉलेज बंद हैं। कई जिलों में इंटरनेट, मोबाइल और बैंकिंग सेवाएं पहले से निलंबित हैं। बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने 25 अगस्त 2024 की शाम 'ऑपरेशन हेरोफ' शुरू किया था। इसे 'बलोचिस्तान को पुनः प्राप्त करने' के लिए एक बहुचरणीय प्रतिरोध अभियान का पहला चरण बताया। बलोची और ब्राहुई भाषाओं में 'हेरोफ' शब्द का अर्थ काला तूफान होता है। मजीद ब्रिगेड, स्पेशल टैक्टिकल ऑपरेशंस स्क्वॉड (एसटीओएस) और फतेह स्क्वॉड सहित समूह की विशेष इकाइयों के सैकड़ों लड़ाकों ने इसमें हिस्सा लिया। यह अभियान लगभग बीस घंटे तक चला और इसने अस्थायी रूप से क्षेत्र के बड़े हिस्से पर नियंत्रण स्थापित कर दिया। बीएलए ने तब इस अवधि में 130 से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा करते हुए मकरान से कोह-ए-सुलेमान तक के प्रमुख राजमार्गों के साथ-साथ सरकारी प्रतिष्ठानों पर भी कब्जा करने की बात कही। इस अभियान के दौरान 14 जिलों में एक साथ पुलिस और लेवी स्टेशनों पर धावा बोला गया। हथियार छीन लिए गए। रेलवे पुल नष्ट कर दिए गए और प्रमुख सड़कें अवरुद्ध कर दी गईं। विश्लेषकों ने इस हमले को बलूच विद्रोह के इतिहास की सबसे बड़ी समन्वित कार्रवाई बताया था।